तापमान
अधिकतम 38.8 डिग्री
न्यूनतम 25.2 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 8 मई 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]


यातायात द्वारा चालानी कार्रवाई करने के बाद भी कलेक्टोरेट परिसर के सामने वाहन चालक नो पार्किंग में गाड़ियां खड़ी कर रहे हैं।

## जय हिन्द... जय हिन्द की सेना


पहलगाम हमला के खिलाफ भारतीय सेना द्वारा चलाए गए आपरेशन सिंदूर की सफलता पर जय वंदे भारत संगठन ने पुराना बसस्टैण्ड में पटाखे फोड़कर खुशियां मनाई। इस दौरान संगठन के सदस्यों ने मिठाई भी बांटी।

## पिस्टल दिखाते समय ट्रिगर दबने से युवक घायल

**बिलासपुर।** पिस्टल दिखाते समय ट्रिगर दबने से एक युवक के पैर में गोली लगी है। उसे इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

एडीशनल एसपी राजेन्द्र जायसवाल ने बताया, 5 मई को शाम लगभग 6 से 7 बजे के बीच कोटा थाना के लमेर निवासी गिरजाशंकर यादव उर्फ दीपक पिता मनीराम यादव अपने दोस्त दीपक रजक के साथ गांव में घूम रहा था। गांव में दीनू के दुकान के पास दोनों को छबि यादव मिला और उसने दोनों को पिस्टल दिखाया। दोनों युवकों को पिस्टल नकली लगा। इसी दौरान छबि यादव के हाथ से पिस्टल का ट्रिगर दब गया और गोली गिरजाशंकर यादव के बाएं पैर पर लगी। गोली चलने व युवक के घायल होने से गांव में हड़कंप मच गया। आनन फानन में घायल युवक को इलाज के लिए गौरवपथ स्थित एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। एएसपी श्री जायसवाल ने बताया, यह घटना पूरी तरह से एक्सीडेंटल फायर का है। किसी प्रकार की आपसी विवाद रंजिश या अन्य कोई घटना शामिल नहीं है। कोटा पुलिस छबि लाल को हिरासत में लेकर पिस्टल बरामद कर पिस्टल के संबंध में पूछताछ की जा रही है।


अस्पताल में भर्ती घायल युवक।

### तीन साल से रखा था

कोटा थाना के एसआई राज सिंह ने बताया, हमलावर छबि यादव पिछले तीन साल से पिस्टल को रखा था। उसे किसने दिया यह नहीं बता रहा है। घायल गिरजाशंकर यादव उर्फ दीपक के कहने पर वह पिस्टल दिखाने लाया था। इसी दौरान उसके हाथ पिस्टल का ट्रिगर दब जाने से गोली चल गई है। बहरहाल छबि यादव से पिस्टल के संबंध में पुलिस पूछताछ करने में लगी हुई है।

### हाईकोर्ट ने सख्त लहजे में कहा-याद रखिए जनता सब देख रही है

# बिलासपुर एयरपोर्ट को अपग्रेड नहीं करना चाहते तो बंद कर दीजिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर में 4 सी श्रेणी के एयरपोर्ट की मांग करने वाली जनहित याचिकाओं पर हुई सुनवाई के दौरान बुधवार को हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस अरविंद वर्मा की खंडपीठ ने राज्य सरकार के ढुलमुल रवैय्यै कड़ी टिप्पणी की।

हाईकोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि अगर 4सी एयरपोर्ट नहीं बनाना है तो साफ-साफ बता दीजिए। कोर्ट ने कहा कि यह राज्य सरकार के अधिकार में है और नीतिगत निर्णय लिया जाना चाहिए। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि यह स्पष्ट करता है कि राज्य सरकार की मंशा इस मामले को हल करने की नहीं है। गौरतलब है कि जब तक जमीन नहीं मिलेगी तब तक रनवे विस्तार और बिलासपुर एयरपोर्ट के 4सी एयरपोर्ट बनने की कोई संभावना नहीं है। हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि याद रखिए की जनता यह सब देख रही है। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई जुलाई में तय की है।


■ याचिकाकर्ताओं ने कहा- राज्य सरकार की मंशा इस मामले को हल करने की नहीं

हाईकोर्ट ने यह अत्यंत कड़ी टिप्पणी राज्य के मुख्य सचिव और विमानन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर के शपथ पत्र में वर्णित तथ्यों और अंशों को पढ़ने के बाद की। इस शपथपत्र में सेना से जमीन की वापसी और 4सी एयरपोर्ट की डीपीआर बनने पर कोई भी समय बद्ध कार्यक्रम नहीं बताया गया था। इसके विपरीत याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता आशीष श्रीवास्तव और सुदीप श्रीवास्तव ने खंडपीठ को बताया की 4सी एयरपोर्ट की डीपीआर बनाने का निर्णय पहले ही हो चुका है और जिस प्री फिजिबिलिटी स्टडी की बात की जा रही है वह भी 2 वर्ष पूर्व एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के द्वारा की जा चुकी है।

### 2 साल से लंबित है जमीन वापसी का मामला

सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से उपस्थित डिप्टी सॉलिसिटर जनरल रमाकांत मिश्रा ने कहा कि हमारी मांग के अनुरूप 80 करोड रुपए राज्य सरकार जमा कर दे तो हम 287 एकड़ जमीन का विधिवत हैंडओवर कर देंगे। इस पर याचिकाकर्ताओं की ओर से खंडपीठ को बताया गया कि इस जमीन पर काम करने की वर्किंग परमिशन पहले ही दी जा चुकी है परंतु राज्य सरकार द्वारा यह पैसा जमा नहीं करने के कारण मामला रुका पड़ा है। जहां तक जमीन की वापसी का सवाल है 93 करोड रुपए का बजट आवंटन 2023 में किया गया था और राशि दे दी गई थी। इसके बाद भी परंतु प्रति एकड़ दर में वृद्धि की मांग के कारण रक्षा मंत्रालय ने उस समय चेक का भुगतान नहीं कराया और फिर बाद में 287 एकड़ की जमीन के लिए अलग राशि की मांग की। यह मसला 2 साल से लंबित है और अब मुख्य सचिव ने अपने शपथ पत्र में कहा है कि वह रक्षा मंत्रालय द्वारा की गई मांग की वैधानिक जांच कराएंगे।

### अगर यही रवैया है तो हाईकोर्ट भी सुनवाई का इच्छुक नहीं

हाईकोर्ट की खंडपीठ ने इस बात पर गहरी आपत्ति की और कहा कि कि बिलासपुर एयरपोर्ट को 4सी बनाने की मांग कोई एडवर्सरियल लिटिगेशन नहीं है और स्वयं राज्य सरकार 2021 से लगातार विभिन्न अवसरों पर इसे अपग्रेड करने के बारे में अपना कमिटमेंट देती रही है। इस सब के बावजूद जो काम की गति है वह संतोष प्रद नहीं है। जिससे यह संदेश जाता है कि राज्य सरकार की मंशा बिलासपुर में 4सी एयरपोर्ट बनाने की नहीं है और वह केवल लोगों को भ्रम में रखकर समय काट रही है। इस मामले की मानिटरिंग हाईकोर्ट के द्वारा की जा रही है अतः कार्य नहीं होने पर यह एक तरह से हाईकोर्ट का समय बर्बाद करना है। ने यह भी कहा कि अगर यही रवैया है तो हाईकोर्ट इस मसले पर आगे कोई सुनवाई करने के लिए इच्छुक नहीं है।

### सरकार चाहती है तो बंद कर दें बिलासपुर एयरपोर्ट

राज्य सरकार की ओर से उपस्थित अतिरिक्त महाधिवक्ता शशांक ठाकुर और यशवंत सिंह ठाकुर ने खंडपीठ को संतुष्ट करने का प्रयास किया कि सरकार बिलासपुर एयरपोर्ट को 4सी एयरपोर्ट में बदलने के अपने फैसले पर कायम है परंतु इसकी समय सीमा तय नहीं की जा सकती। इस पर भी नाराज होते हुए खंडपीठ ने कहा कि क्या यह समय सीमा 10 साल या 20 साल होने वाली है। हर काम को करने के लिए एक रीजनेबल समय होता है। वह समय सीमा देने के बजाय जिस तरह की बात राज्य सरकार कर रही है वह कहीं से भी संतुष्ट नहीं करती। हाईकोर्ट ने तल्ख लहजे में यह भी कहा कि अगर राज्य सरकार चाहती है कि बिलासपुर का एयरपोर्ट बंद हो जाए तो उसे बंद कर दिया जाए और लोगों को कह दिया जाए कि आप रायपुर जाइए और वहां से हवाई यात्रा करिए। इस तरह से सभी को भ्रम में रखना उचित नहीं लगता। राज्य सरकार की ओर से दो-दो अतिरिक्त महाधिवक्ताओं के द्वारा पैरवी करने पर जब स्थिति नहीं संभली तब महाधिवक्ता प्रफुल्ल भारत ने कहा कि प्रि फरेबेसिबिलिटी स्टडी की रिपोर्ट दो माह में हमें मिल जाएगी और हम जुलाई के महीने में बेहतर तरीके से इस मसले पर सभी प्रश्नों का उत्तर दे सकेंगे इसके लिए कम से कम हमें जुलाई तक का समय दिया जाए।

## संमंस तामिली में लापरवाही, चार आरक्षक निलंबित

**बिलासपुर।** एसएसपी ने संमंस तामिली करने लापरवाही बरतने पर तोरवा थाने के तीन व एसपी आफिस की एक महिला आरक्षक को निलंबित कर दिया है। वहीं विलंब से मेमो भेजने पर सिम्स चौकी के एक प्रधान आरक्षक को लाइन अटैच किया गया है। तोरवा में पदस्थ आरक्षक राजू सिन्हा, मनोज कुलमित्र, रोहित पाटले वारंट शाखा में संमंस व वारंट तामिली का काम देख रहे थे। तीनों आरक्षकों के द्वारा संमंस तामिली करने पर लापरवाही बरती जा रही थी। शिकायत मिलने पर एसएसपी रजनेश सिंह ने तीनों आरक्षकों को निलंबित कर दिया है। वहीं एसपी आफिस में संमंस शाखा देखने वाली आरक्षक शोभा तिर्की को निलंबित कर दिया गया है। इसी तरह विलंब से संबंधित थाने में मेमो भेजने पर सिम्स चौकी में पदस्थ प्रधान आरक्षक विश्वास पात्रे को लाइन अटैच कर दिया गया है।

### सकरी टीआई लाइन अटैच आर्या होंगे नए थानेदार

एसएसपी ने लगातार हो रही चोरी की वारदात पर अंकुश नहीं लगा पाने पर सकरी टीआई को लाइन अटैच कर दिया है। वहीं टीआई आर्या को नए थानेदार बनाया गया है। पिछले एक पखवाड़े में सकरी क्षेत्र के 12 सूने मकानों में चोरी की वारदात हुई है। सकरी पुलिस न तो चोरी रोक पा रही थी और न ही चोरों को पकड़ पा रही थी। एसएसपी रजनेश सिंह ने बताया, चोरी की वारदात पर अंकुश नहीं लगाने व चोरों को नहीं पकड़ने पर सकरी टीआई रविन्द्र अनंत को लाइन अटैच कर दिया है। पुलिस लाइन में पदस्थ टीआई प्रदीप आर्या को नए सकरी थानेदार बनाया गया है। कोटा थाना में पदस्थ प्रशिक्षु आईपीएस सुमित कुमार धोत्रे का कार्यकाल समाप्त होने पर पुलिस लाइन में पदस्थ टीआई तोप सिंह नवरंग को कोटा टीआई बनाया गया है।




### भारतमाला परियोजना में जमीन गड़बड़ी के मामले में राजस्व मंत्री ने कहा

# नेता हो या अधिकारी कोई नहीं बचेगा : वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छग शासन के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने भारतमाला परियोजना को लेकर बड़ा बयान दिया है। उनका कहना है कि भारतमाला परियोजना में जमीन अधिग्रहण मामले में जो भी गड़बड़ी किया है उस पर कार्रवाई होगी। उनका कहना है कि इस मामले में चाहे कोई नेता हो या अधिकारी, कर्मचारी कोई नहीं बचेगा।

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा बुधवार को बिलासपुर दौरे पर पहुंचे थे। इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि भारतमाला इतनी बड़ी परियोजना है जिसमें रोज नए-नए लोग लपेटे में आ रहे हैं। इसमें जमीन संबंधी गड़बड़ी करने वाले किसी को बक्शा नहीं जाएगा, चाहे वह कोई नेता हो या अधिकारी, कर्मचारी हो कोई नहीं बचेगा सभी पर कार्रवाई होगी। राजस्व मंत्री का कहना है कि बिलासपुर न्यायधानी है यहां पर तो न्याय होना चाहिए। उन्होंने कहा यहां पर भी मोपका, लिंगियाडीह, सकरी क्षेत्र के जमीन के संबंध में शिकायत सामने आई है जिस पर अधिकारियों को जांच कर रिपोर्ट देने कहा गया है। उन्होंने बताया कि आज राजस्व विभाग के कामकाज की समीक्षा की है और लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह जमीन संबंधी शासकीय जमीन पर अतिक्रमण जैसे शिकायतों की समय सीमा पर जांच कर रिपोर्ट सौंपने और कार्रवाई करने कहा गया है। जमीन रजिस्ट्री की नई व्यवस्था को लेकर राजस्व मंत्री श्री वर्मा का कहना है कि नई व्यवस्था से बहुत पारदर्शिता आ जाएगा और किसानों के लिए ज्यादा सुगम हो जाएगा। नया अधिनियम पारित हुआ है और मुख्यमंत्री ने इसे लांच किया है, जिसमें रजिस्ट्री के साथ ही नामांतरण हो जाएगा यह बड़ी बात है। क्योंकि प्रदेश में सबसे ज्यादा लंबित प्रकरणों की संख्या नामांतरण की है। अब आधार कार्ड, चौहदी, जियो रिफ्रेसिंग सभी का पूरी तरह परीक्षण कर जमीन रजिस्ट्री की जाएगी, जिसमें कोई विवाद नहीं रह जाएगा। पहले किसी को भी खड़ाकर जमीन रजिस्ट्री हो जाता था अब वैसा नहीं होगा। राजस्व मंत्री ने भारतीय सेना द्वारा एयर स्ट्राईक पर गर्व जताते हुए कहा कि यह स्वागत योग्य कदम है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने करार जवाब देने की बात पहले ही कही थी, जिसके तहत सेना द्वारा आतंकी ठिकानों पर हमला किया गया है। उनका कहना है कि देश के साथ ही प्रदेश में भी अच्छा काम हो रहा है और बस्तर में नक्सवाद का सफाया हो रहा है।



7 MAY- BSP-PG-2_Layout 1 5/8/2025 12:43 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### रिसर्च डीम्ड यूनिवर्सिटी ने दी डॉ. पांडेय को पीएचडी



**बिलासपुर।** शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय बिलासपुर छत्तीसगढ़ के बालरोग विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ विद्या भूषण पांडेय को बच्चों में पढ़ाई को लेकर बढ़ रहे मानसिक तनाव के प्रबंधन संबंधित शोध विषय पूर्ण करने पर दत्ता मेघे इंस्टीट्यूट आफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च डीम्ड यूनिवर्सिटी वर्धा महाराष्ट्र ने पीएचडी की उपाधि प्रदान की। वर्ष 2021 से प्रारंभ इस शोध विषय पर आयुर्वेद औषधि ब्राह्मी एवं हरितकी का मेधा, स्मृति, तनाव तथा सीरम कोर्टिसोल पर प्रभाव का अध्ययन किया गया। कुल 372 छात्रों पर अध्ययन कर यह पाया कि तनाव प्रबंधन में आयुर्वेद औषधियां अत्यंत कारगर हैं। इससे पूर्व भी डॉ. पांडेय ने सेरेब्रल पाल्सी विषय पर एमडी अध्ययन में शोध किया था और पाया कि बाल पंचकर्म एवं आयुर्वेद उपचार सेरेब्रल पाल्सी ग्रस्त बच्चों में अत्यंत कारगर है।

### पिता की पुण्यतिथि पर हनुमान मंदिरों में कराया प्रसाद वितरण




**बिलासपुर।** नेहरू नगर निवासी स्व श्री कृष्ण कुमार तिवारी जी की पुण्य तिथि पर उनके पुत्र अभिनव व अनुराग द्वारा तिलक नगर, जूना बिलासपुर, और पुराना बस स्टैंड स्तिथ हनुमान मंदिरों में शाम की आरती उपरांत भोग प्रसाद का वितरण कराया गया। इस अवसर पर श्रीमती स्मिता तिवारी, धीरेंद्र बाजपेयी, पूजा अभिनव तिवारी , अंकिता अनुराग तिवारी, महेश दुबे ,अमित दुबे, ध्रुव, रोहित, शुभम ,अंकित , रवि,विक्की ,रामा, संजय, राजेन्द्र गोलू, सतीश, प्रतीक तिवारी सहित परिजन व मित्रो का सहयोग रहा।

### प्रयास अकादमी ने किया शशांक का सम्मान, दुबे बने राष्ट्रीय अध्यक्ष



**बिलासपुर।** प्रयास प्रकाशन साहित्य अकादमी द्वारा छत्तीसगढ़ राज भाषा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में रायपुर के शशांक शर्मा का सम्मान किया गया। इस अवसर पर श्री शर्मा ने छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी की योजनाओं की जानकारी देते हुए बिलासपुर की साहित्यिक आयोजनों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वर्तमान समय में साहित्य की सभी विधाओं में सृजन की आवश्यकता है । जिससे छत्तीसगढ़ की संस्कृति, कला, इतिहास आदि की प्रमाणिक जानकारी उपलब्ध हो सके । अध्यक्ष डॉ पाठक ने कहा कि अब इसे राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान करते हुए प्रयास प्रकाशन साहित्य अकादमी के रूप में आज गठित किया गया है। जिसके अंतर्गत राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के अनेक साहित्यिक आयोजन किए जाएंगे । इस अवसर पर शशांक शर्मा का सम्मान डॉ राघवेन्द्र कुमार दुबे, डॉ बजरंग बली शर्मा, विष्णु कुमार तिवारी, अंजनी कुमार तिवारी सुधाकर, डॉ गिरधर शर्मा, राजेश सोनार, डॉ विवेक तिवारी, शीतल प्रसाद पाटनवार, आशीष श्रीवास, महेन्द्र दुबे, राम निहोरा राजपूत, लिनीमा साहू, सनत तिवारी द्वारा किया गया । कार्यक्रम का संचालन डॉ राघवेन्द्र कुमार दुबे ने एवं आभार प्रदर्शन डॉ बजरंग बली शर्मा ने किया। प्रयास प्रकाशन साहित्य अकादमी की राष्ट्रीय इकाई का किया गया गठन । प्रयास प्रकाशन साहित्य अकादमी की राष्ट्रीय इकाई का गठन करते हुए डॉ राघवेन्द्र कुमार दुबे को राष्ट्रीय अध्यक्ष, डॉ बजरंग बली शर्मा को महासचिव एवं प्रवक्ता और विष्णु दह कुमार तिवारी को कोषाध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की गई।आगामी दिनों इसका विस्तार किया जाएगा।

### भाजपा मंडल कार्य समिति के राकेश अध्यक्ष, चुन्नी उपाध्यक्ष



**बिलासपुर।** भाजपा जिला कोर ग्रुप के निर्णय और भाजपा बिलासपुर शहर जिला अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर की सहमति से भाजपा बिलासपुर पूर्वी मंडल अध्यक्ष राकेश लालवानी ने मंडल के कार्य समिति के सदस्यों की घोषणा की है। इसमें मंडल अध्यक्ष राकेश लालवानी, उपाध्यक्ष चुन्नी मौर्य, विक्की रजक, भुनेश्वर कश्यप, विकास सलूजा, महामंत्री शेखर पाल, आशुतोष शर्मा, मंत्री वेंकट राव, बरखा चंद्राकर, राजेश सूर्यवंशी, पूजा इंगोले कोषाध्यक्ष, अर्चना मालेवर, कार्यालय मंत्री टी सूर्या राव, सदस्य विक्रांत बोले, बसंत पटेल, अरविंद भानूशाली, चेतन बजाज, तपन दीवान, लालटू घोष, किशोर विधानी, ओमकांत तिवारी आदि शामिल हैं।

### शिक्षकों को मिली नेशनल लेवल कैपिसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग



**बिलासपुर।** जिले के पांच शिक्षक मनोज कुमार यादव व्याख्याता पीएमश्री चकरभाठा, आकांक्षा गुप्ता कोटा वीरमालक्ष्मी राव सरकंडा, शारदा साहू मस्तूरी, मोहम्मद आबिद अंसारी तखतपुर ने भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान पुणे में नेशनल लेवल कैपेसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग प्राप्त कर जिले का प्रतिनिधित्व किया। पीएमश्री स्टेट प्रोजेक्ट और समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ के द्वारा भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान पुणे के सहयोग से नेशनल लेवल कैपेसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम आईआईएसईआर पुणे के बालन विज्ञान गतिविधि केंद्र में संपन्न हुआ।

**सिम्स में त्वरित इलाज की मॉकड्रिल**

## भर्ती किए गए हमले के मरीज



**बिलासपुर।** सिम्स द्वारा बुधवार को अस्पताल में मॉक ड्रिल अंतर्गत घायल मरीज को अस्पताल लाए जाने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे स्ट्रेचर पर स्टेबलाइज कर ऑक्सीजन मास्क लगाकर ट्रॉमा वार्ड में शिफ्ट किया गया। घायल मरीज के वार्ड में शिफ्ट होते ही मरीज को जीवन रक्षक दवाइयां दी गईं। इस दौरान सिम्स के अधिष्ठाता डॉ.रमनेश मूर्ति, डॉ.लखन सिंह, डॉ सुनील कुमार पेन्द्रो, पुष्प लता शर्मा, उर्मिला भगत और पल्लवी कौमार्य जया भारती, संजय श्रीवास मुकेश भोई मडी श्रीवास उपस्थित थे।

**एसईसीएल में मॉकड्रिल**

## अफसरों ने जाना सुरक्षा के उपाय



**बिलासपुर।** केंद्र सरकार के निर्देशानुसार पूरे देश में विभिन्न जिलों में 7 मई को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसी क्रम में बिलासपुर जिला प्रशासन के प्राप्त निर्देशानुसार एसईसीएल मुख्यालय में भी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान एसईसीएल सुरक्षा टीम द्वारा एसईसीएल के अधिकारी-कर्मचारियों को आपातकालीन स्थिति में खुद को सुरक्षित रखने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही बताया गया कि आपदा की स्थिति में किस तरह का व्यवहार करें और क्या उपाय करें जिससे कम से कम क्षति पहुंचे।

**आपरेशन सिंदूर की सफलता**

## गोलबाजार में मनाई गई खुशियां



**बिलासपुर।** भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए आपरेशन सिंदूर की सफलता पर गोल बाजार व्यापारिक संघ के सदस्यों ने खुशियां मनाई। गोल बाजार चौक पर राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए पटाखे फोड़े। इस अवसर पर गोल बाजार व्यापारिक संघ के अध्यक्ष कृष्ण मोहन पांडे, मनीष सराफ, पूर्व पार्षद राजेश मिश्रा, राहुल कश्यप, भागवत अग्रवाल, राजेंद्र ताम्रकार, गोपाल शर्मा, रामकुमार, यश बजाज, चंदन पमनानी, सुमित हिरवानी, अनिल खुसलानी, योगेश कठेरिया, प्रसन्न खंडेलवाल, भारत पांडे, विक्की लालचंदानी, रूपचंद हिरवानी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### लंबित प्रकरण निपटाने एक महीने का अल्टीमेटम

# राजस्व प्रकरणों के निराकरण में देरी, मंत्री ने दिखाई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राजस्व के लंबित प्रकरणों के निराकरण में देरी को लेकर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने राजस्व अधिकारियों पर खासी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने दो-टूक कहा कि बिलासपुर में राजस्व विभाग के कामकाज को पटरी पर लाने की जरूरत है। पूर्व में यहां भू-माफियाओं द्वारा अनेक गड़बड़ियां की गई हैं, जो कि अधिकारियों के सहयोग के बिना संभव नहीं है। उन्होंने लिंगियाडीह, घुरू व मोपका के कुछ प्रकरण सौंपते हुए जांच के निर्देश दिए।

- **राजस्व मंत्री ने ली अधिकारियों की बैठक**

प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा ने कलेक्टोरेट के मंथन सभाकक्ष में बुधवार को राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने नक्शा बटांकन में देरी को समाज में अशांति और विवाद का मुख्य जिम्मेदार बताया। उन्होंने विशेष कार्ययोजना बनाकर इसे समयसीमा में निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व रिकार्डों में त्रुटि सुधार का एक अभियान चलाया जाना चाहिए। इसके अंतर्गत प्रत्येक पंद्रह दिनों में राजस्व शिविरों का आयोजन करने व पटवारियों को अपनी पदस्थापना पंचायत में उपस्थिति हेतु कार्यदिवस सुनिश्चित भी किया जाना चाहिए। श्री वर्मा ने राजस्व अधिकारियों को भारतमाला परियोजना की जांच से सबक लेने को कहा। उन्होंने संपत्ति अंतरण सहित राजस्व विभाग में अनेक बदलाव होने तथा भविष्य में आम जनता को इसका लाभ मिलने की बात कही। उन्होंने अधिकारियों से दो-टूक कहा कि पहले त्रुटि संबंधी सुधार का अधिकार एसडीओ राजस्व के पास था, लेकिन यह अधिकार अब तहसीलदार को दे दिए गए हैं, ताकि लंबित मामलों का निराकरण जल्द से जल्द हो सके। इसके बाद भी आज की स्थिति में प्रकरणों के निराकरण में देरी हो रही है तो यह स्वीकार्य नहीं है।



#### सर्पदंश के बढ़ते मामलों में कोई गिरोह तो नहीं?

राजस्व मंत्री ने कहा कि जिले में सर्पदंश से मौत के 481 मामले दर्ज हुए हैं, जिन्हें मुआवजा बांटा गया है। जबकि इस अवधि में नागलोक कहे जाने वाले जशपुर के तपकरा में एक सौ मामले भी नहीं आए। उन्होंने कहा कि सर्पदंश के प्रकरण तैयार करते समय ग्रामीणों से भी पूछताछ की जानी चाहिए, क्योंकि सर्पदंश की जानकारी पूरे गांव को होती है। उन्होंने कोटवारी एवं पट्टे पर दी गई जमीन को अहस्तांतरणीय बताते हुए कहा कि ये सभी सेवा भूमि हैं। ऐसी भूमि जिनका विक्रय किया जा चुका है उन्हें वापस लेने की कार्यवाही तेज की जानी चाहिए।

#### अतिक्रमण के खिलाफ होगी कार्रवाई तेज

उन्होंने अतिक्रमण के खिलाफ भी कार्यवाही तेज करने की बात कही। इसके अंतर्गत पहले चरण में स्कूल व कालेजों के आसपास के अतिक्रमण पहले हटाने को कहा, क्योंकि यहां कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में ये असामाजिक तत्वों का अड्डा बन जाते हैं। उन्होंने चेक लिस्ट से मिलान कर ई-डिस्ट्रिक्ट के आवेदन स्वीकार करने की बात कही ताकि प्रमाण पत्र जारी करने में अनावश्यक विलंब न हो। बैठक में उपस्थित कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अगले तीन महीनों के भीतर लंबित मामलों को तेजी से निराकृत करने का आश्वासन दिया। बैठक में एसएसपी रजनेश सिंह, एडिशनल कलेक्टर, एसडीएम, सभी तहसीलदार व सभी नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

### कोल इंडिया की हाई पावर जॉइंट कमेटी ने किया एसईसीएल का दौरा



**बिलासपुर।** कोल इंडिया लिमिटेड की हाई पावर कमेटी - जॉइंट कमेटी ने 7 मई को एसईसीएल का दौरा किया। इस दौरान कमेटी की द्वितीय बैठक एसईसीएल के गेवरा क्षेत्र में आयोजित की गई। इस बैठक में प्रबंधन पक्ष से निदेशक (एचआर)केशव राव, एमसीएल, निदेशक (एचआर) मनीष कुमार, एनसीएल निदेशक (वित्त) मो. अंजार आलम, निदेशक तकनीकी (संचालन) ईसीएल तथा चन्द्र शेखर तिवारी, सीसीएल की उपस्थिति रही। वहीं श्रमिक संघों का प्रतिनिधित्व करते हुए रंजन बेहरा, शिव कान्त पांडे, नरेश मण्डल, मानस चटर्जी बैठक में शामिल हुए।

- **गेवरा खदान क्षेत्र में ठेकेदारी श्रमिकों से टीम ने किया संवाद**

बैठक के दौरान ठेकेदारी श्रमिकों को प्रदान की जा रही सुविधाओं, विधिक अनुपालनों और उनके कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रस्तुति दी गई। सभी सदस्यों ने अपने विचार साझा करते हुए प्रबंधन और श्रम संगठनों की ओर से संविदा कर्मियों के हितों का ध्यान रखने एवं उन्हें उचित सुविधाएं सुनिश्चित करने पर बल दिया। समिति के सदस्यों ने कोयला खदान गेवरा का दौरा किया। जिसमें सबसे पहले सदस्यों ने व्यू पॉइंट से खदान की जानकारी ली। सदस्यों ने खदान में अंदर फेस तक जाकर खनन कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खदान के अंदर कार्यरत ठेकेदारी श्रमिकों से सीधा संवाद कर वेतन और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। सदस्यों ने दीपका क्षेत्र में स्थित संविदा श्रमिकों के शिविर का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर एसईसीएल के निदेशक बिरंची दास ने कहा कि देश की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति में इन श्रमिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आगमन पर एसईसीएल गेवरा क्षेत्र महाप्रबन्धक एसके मोहंती एवं दीपका क्षेत्र महाप्रबंधक संजय मिश्रा ने सदस्यों का आत्मीय स्वागत किया।

## कांग्रेस की होने वाली संविधान बचाओ आमसभा स्थगित

**बिलासपुर।** कांग्रेस पार्टी द्वारा बिलासपुर में 8 मई को आयोजित राज्य स्तरीय संविधान बचाओ रैली, आमसभा स्थगित हो गई है। देश में जो हालात बनें है और भारत एवं पाकिस्तान के बीच युद्ध की स्थिति को देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने अपना प्रदेश स्तरीय यह कार्यक्रम स्थगित कर दिया है। कांग्रेस का संविधान बचाओ आमसभा मुंगेलीनाका मैदान में गुरूवार को होना था। इस आमसभा की तैयारी पूरी हो गई थी और इसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी सचिन पायलेट आने वाले थे।

- **भारत पाकिस्तान के बीच युद्ध की स्थिति को देखते हुए किया स्थगित**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सचिव और प्रदेश सह प्रभारी जरीता लाइतफ्लांग बिलासपुर पहुंच गई थीं। प्रदेश सह प्रभारी विजय जांगिड़ भी तैयारी के सिलसिले में बिलासपुर आए थे। कार्यक्रम प्रभारी विधायक उमेश पटेल एवं भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव यहां जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी, शहर अध्यक्ष विजय पांडेय सहित कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के साथ लगातार तैयारी को लेकर बैठक कर रहे थे। इस तरह से कार्यक्रम की तैयारी पूरी हो गई थी। किन्तु रात में भारतीय सेना द्वारा एयर स्ट्राईक कर आतंकी ठिकानों पर हमला किए जाने और भारत एवं पाकिस्तान के बीच युद्ध सी हालात एवं देश की स्थिति को देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने फिलहाल संविधान बचाओ कार्यक्रम स्थगित कर दिया है। कांग्रेस जिला शहर अध्यक्ष द्वय विजय केशरवानी, विजय पांडेय ने बताया कि पार्टी के निर्णय अनुसार कांग्रेस द्वारा आयोजित संविधान बचाओ कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है और कांग्रेस पार्टी देश के साथ है।

#### ननि के कार्रवाई के खिलाफ की शिकायत

कांग्रेस द्वारा संविधान बचाओ कार्यक्रम के लिए शहर में जगह-जगह झंडा, बैनर, पोस्टर लगाए गए थे। बैनर, पोस्टर की अनुमति मांगते हुए निगम की कार्रवाई को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कलेक्टर से शिकायत की है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के बैनर तले गुरूवार को बिलासपुर में संविधान बचाओ कार्यक्रम रखा गया था। इसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व प्रदेश प्रभारी सचिन पायलेट सहित प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव और राष्ट्रीय पदाधिकारी समेत प्रदेश के नेता, कार्यकर्ता शामिल होने वाले थे। इसलिए राष्ट्रीय और प्रादेशिक नेताओं के आगमन को देखते हुए जिला व शहर कांग्रेस कमेटी ने उनके स्वागत का निर्णय लिया था।

### विश्व हिंदू महासंघ के नेत्र परीक्षण शिविर में 810 मरीज लाभान्वित



**बिलासपुर।** विश्व हिंदू महासंघ भारत की छग इकाई एवं रोटरी क्लब ऑफ रायपुर ग्रेटर द्वारा आयोजित की गई एमजीएमआई इंस्टीट्यूट रायपुर के सहयोग से 7 मई को व्यापार विहार में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कमजोर मरीजों के लिए मोतियाबिंद का निःशुल्क ऑपरेशन आने जाने और रहने के साथ ही भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की गई थी। शिविर के दौरान चश्मा जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त में दिए गए। शिविर में 810 लोग लाभान्वित हुए। सुमित विधानी, सौरभ सिंह, शिवम शुक्ला,यशवंत मिश्रा, प्रकाश बहरानी,दया बाकरे, यश शुक्ला, तुलसी कौशिक, आयुष शुक्ला, गोविंद वर्मा, खिलेश श्रीवास एवं आकाश कौशिक, विशु मिश्रा, आकाश कौशिक, प्रेमा वर्मा, उत्तर साहू, एवं आदि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सुमित विधानी की अध्यक्षता में विघ्न मुक्त कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेयर पूजा विधानी एवं अतिथि एस के अग्रवाल, पीयूष भार्गव, केसी शर्मा, डॉ रमेश कुलदीप रायपुर एवं अशोक विधानी, विनय शर्मा आदि मौजूद थे।

### पंजाबी सेवा समिति ने किया पार्षदों का सम्मान



**बिलासपुर।** पंजाबी मानव सेवा समिति ने बुधवार को विधायक अमर अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में नव निर्वाचित महापौर पूजा विधानी सहित महिला पार्षदों का सम्मान किया। सम्मानित होने वालों में तखतपुर की महिला पार्षद पूजा मक्कड़, डॉ आरती पांडेय, डॉ ममता सलूजा, डॉ सुष्मिता गुंबर, कवियित्री बलजीत अजमानी, गोपी अरोड़ा, जीत उपवेजा, हार्षिता कुमार सुखमणि सर्कल की अध्यक्ष दलजीत सलूजा, आदर्श पंजाबी महिला संस्था की अध्यक्ष पम्मी गुंबर, शशि आहूजा, रूबी छाबड़ा, श्रद्धा खंडूजा, सुनीता चावला, असिस्टेंट कमिश्नर रायगढ़ अर्चना मिश्रा, स्मृति तिवारी बिलासपुर, एडिशनल एसपी दीपमाला कश्यप, डीएसपी मंजू लता केरकेट्टा, एडिशनल सीईओ बिल्हा दीप्ति तिवारी, सीएसपी भारतीय मरकाम, सीता साहू, ऐश्वर्या मिश्रा आदि शामिल रहीं। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र कुमार ने किया। मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल ने कहा कि नगर विकास के लिए सभी आपसी सहयोग के साथ कार्य करें। कार्यक्रम में दीपक ठाकुर अध्यक्ष बिलासपुर भाजपा मंडल, किशोर राय, पंजाबी मानव सेवा समिति के अध्यक्ष मनजीत सिंह अरोड़ा, संरक्षक सुरेंद्र सिंह गुंबर, उपाध्यक्ष प्रितपाल सिंह गंभीर, पवन अजमानी सचिन प्रिंस भाटिया, कोषाध्यक्ष अनिल सिंह सलूजा, सदस्य असित पाल जुनेजा, मिंटू अरोड़ा, दर्शन छाबड़ा, इंद्रजीत सिंह सलूजा, नितिन छाबड़ा मौजूद थे।

### संयुक्त महिला संगठन ने मृतकों को दी श्रद्धांजलि




**बिलासपुर।** संयुक्त महिला संगठन के द्वारा एक बैठक का आयोजन उद्योग भवन में किया गया। इस बैठक में सभी सदस्यों के द्वारा पहलगाम हमले में निर्दोष मृतकों को श्रद्धांजली दी गई, सभी सदस्यों ने कहा कि हमारा देश हमेशा के लिए आतंक से मुक्त होगा। अध्यक्ष विद्या केडिया ने कहा कि वर्तमान समय हमारे देश के लिए बहुत सकंटपूर्ण है, हमारा देश शांतिप्रिय देश है। युद्ध हमेशा अंतिम विकल्प होता है, इसी तरह हमारे प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान के आतंक को बहुत सहा है अब हमारी सरकार आतंकवाद को खत्म करके रहेगी। इस कार्यक्रम में हरि नायडू के द्वारा जानकारी दी गई कि 7 मई से 30 मई तक मुंबई के कोरियोग्राफर के द्वारा विभिन्न प्रकार के नृत्य का प्रशिक्षण विलासपुर में दिया जाएगा। इसके पश्चात तीन माह में जिन सदस्यों का जन्मदिन था उसे सामूहिक रूप से मनाया गया। सभी सदस्यों को जन्मदिन के उपहार दिये गये। इस अवसर पर रश्मिअग्रवाल, निवेदितापांडे, माधुरीतिवारी, संगीताकेडिया, प्रियाभंडारी मीनावाजोरिया, सुनीताशर्मा, स्वीटी केडिया, आशा बजाज, सावित्री अग्रवाल, शशिआहुजा, जीत उपवेजा उपस्थित थे।

## एजुकेशन प्लस

### प्रयास पब्लिक स्कूल राजकिशोर नगर मोपका के छात्रों का शानदार प्रदर्शन



**बिलासपुर।** प्रयास पब्लिक स्कूल राजकिशोर नगर मोपका के छात्रों ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन कर अपने संस्था व अपने माता पिता का नाम गौरवान्वित किया है। प्राचार्य ने बताया कि 12वीं कक्षा के छात्रों में करण साहू ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए केमिस्ट्री में 99 और गणित में 96 अंक हासिल किए। ट्विंकल साहू ने भूगोल में 94 अंक प्राप्त करके अपनी उत्कृष्टता साबित की । आभा भास्कर ने इतिहास में 92 अंक प्राप्त करके अपनी विद्वता का परिचय दिया। 10वीं कक्षा के छात्रों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें जॉन्सी निशी लकड़ा ने सामाजिक विज्ञान में 95 अंक प्राप्त किए। दक्षांश और अंशिता मिंज ने गणित में 84 अंक प्राप्त करके अपनी गणितीय क्षमताओं का प्रदर्शन किया। इस वर्ष कुल 25 छात्र प्रथम श्रेणी में रहे। जो स्कूल की शिक्षा की गुणवत्ता और छात्रों की कड़ी मेहनत का प्रमाण है। प्राचार्य डॉ. पदमाकर ने सभी सफल छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के समर्थन का परिणाम है। स्कूल के चेयरमेन डा सचिन यादव ने भी छात्रों और शिक्षकों को बधाई दी और उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि की सराहना की।

### चौकसे कॉलेज में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्यशाला



**बिलासपुर।** चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज ने प्लास्टिक मुक्त ग्रहकी ओर प्रबंधन दृष्टिकोण और सतत अभ्यास विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में प्लास्टिक कचरे को कम करने के लिए अभिनव समाधान तलाशने के लिए छात्र, संकाय और विशेषज्ञ एक साथ आए। अहमदाबाद की प्रसिद्ध पर्यावरण डिजाइन सलाहकार डॉ मानसी बाल भार्गव ने मुख्य भाषण दिया। जिसमें उन्होंने सतत अभ्यास और प्रबंधन दृष्टिकोण पर अपनी विशेषज्ञता साझा की। उन्होंने प्लास्टिक मुक्त ग्रहकी प्राप्त करने में सामूहिक कार्रवाई के महत्व पर जोर दिया। कार्यशाला में एक इंटरैक्टिव गतिविधि प्लास्टिक अपशिष्ट पृथक्करण और पुनर्चक्रण शामिल थीं। जहां प्रतिभागियों ने पीईटी बोतलों, एचडीपीई कंटेनरों और पीवीसी पाइपों सहित विभिन्न प्रकार के प्लास्टिक कचरे की पहचान की और उन्हें अलग किया। उन्होंने प्रत्येक प्रकार के लिए संभावित पुनर्चक्रण विधियों की खोज की जिससे उन्हें उचित अपशिष्ट प्रबंधन और प्लास्टिक कचरे को कम करने में उनकी भूमिका की गहरी समझ प्राप्त हुई। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक डॉ आशीष जायसवाल डॉ शरद कौशिक और डॉ नितिन जैन, प्राचार्य ने संबोधित किया। पर्यावरण जागरूकता और स्थिरता के लिए कॉलेज की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। डॉ शुभ लक्ष्मी तिवारी ने कार्यक्रम का समन्वय किया जिसने ज्ञान साझा करने और एक स्थायी विषय के लिए व्यावहारिक समाधान तलाशने के लिए एक मूल्यवान मंच प्रदान किया। कार्यशाला का समापन छात्रों द्वारा प्लास्टिक का उपयोग कम करने और अपने दैनिक जीवन में स्थिरता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के साथ प्लास्टिक प्रतिज्ञा लेने के साथ हुआ। यह कार्यक्रम सफल रहा जिसमें प्रतिभागियों ने व्यावहारिक चर्चाओं और निष्कर्षों की सराहना की और कॉलेज के स्थिरता प्रयासों की सराहना की।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, गुरुवार 8 मई 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



आयोजन

## ईपीएफ, ईएसआईसी व श्रम कानूनों पर संगोष्ठी



**बिलासपुर।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की बिलासपुर शाखा द्वारा भवन में एक अर्द्धदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी वाणिज्यिक कानूनों में व्यावसायिक अवसर एवं श्रम कानून के अंतर्गत अनुपालन विषय पर केंद्रित था । इस संगोष्ठी का उद्देश्य चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को वाणिज्यिक एवं श्रम कानूनों से संबंधित क्षेत्रों में उभरते व्यावसायिक अवसरों और कानूनी अनुपालनों की जानकारी देना है। इस अवसर पर संबंधित विषयों के विशेषज्ञ वक्ता तथा सेंट्रल काउंसिल मेंबर सीए अभय छाजेड़, सीए अविनाश सिंह टुटेजा ने अपने विचार साझा किया। संगोष्ठी विशेष रूप से उन पेशेवरों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी जो ईपीएफ, ईएसआईसी और अन्य श्रम कानूनों से संबंधित सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। शाखा के अध्यक्ष सीए मनीष सखूजा ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन पेशेवरों को अद्यतन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम

## बाल संस्कार शिविर : बच्चों के खान-पान पर दें पर्याप्त ध्यान



**बिलासपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में छः दिवसीय बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया गया है। इसके दूसरे दिन बुधवार को राष्ट्रीय बाल मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता दिवस पर अपोलो अस्पताल के चीफ डाइटिशियन चंपा मजूमदार ने भाग लेकर बच्चों की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी और कहा कि बच्चों के खान-पान पर पर्याप्त ध्यान दें। उन्होंने बताया कि जैसे-जैसे बच्चों की उम्र बढ़ने लगती है, उनके शरीर की पोषण संबंधी जरूरतें बदलने लगती है। बच्चों के खान-पान का ध्यान ना रखा जाए तो इससे बच्चों को कई प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती है। बच्चों के स्वास्थ्य का ख्याल रखने का सबसे अच्छा तरीका है कि उनके खान-पान पर पर्याप्त ध्यान दिया जाए। वर्तमान में बहुत ज्यादा समस्या बच्चों का अंडर या ओवर वेट है। अच्छा भोजन खाने से उनका बेहतर विकास होता है। बच्चों को प्रतिदिन फल, सब्जियां, अनाज, प्रोटीन, दूध, दूध से बने पदार्थ, ड्राई फ्रूट्स, सलाद दें। पानी भी खूब पीना चाहिए। पिज़्ज़ा, बर्गर, नूडल्स, मोमोस आदि थोड़ी देर के लिए अच्छा लगता है। पर वह थोड़ा सा मजा जीवन के लिए सजा हो जाता है। बाहर का पानी, खाना पेट का डाइजेशन खराब कर देता है और हमारा शरीर बीमार होने लगता है। इमरजेंसी होने पर ही बाहर का खाना खाएं। रात को दस के बाद कुछ नहीं खाना है। कार्यक्रम में बीके स्वाति, अपोलो के अजय जाड़े, अंजू दुआ, नानक माखीजा उपस्थित थे। वरिष्ठ राजयोगी शिक्षिका बीके संतोषी दीदी ने बताया कि शांति, खुशी, आनंद और प्रेम से किया गया कर्म ही हमारी आंतरिक सुंदरता है। अपने दिल में अपने परिवार, शिक्षक, देश, प्रकृति, पशु पक्षियों के प्रति प्यार रखना है। जिस प्रकार आसमान में सितारे होते है। उसी प्रकार बच्चे धरती के सितारे हैं।

उत्सव

## कायस्थ समाज ने मनाया चित्रगुप्त प्रकटोत्सव



**बिलासपुर।** कायस्थ समाज व्दारा भगवान चित्रगुप्त प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया गया,मंगल भवन इमलीपारा में समाज के सदस्यों की उपस्थिति में प्रदीप और देववती श्रीवास्तव व्दारा पूजन कार्य किया गया। पत्रकार ढ़ाल सिंह पार्थी, रामप्रताप सिंग एवं मनीष वर्मा का सम्मान किया गया तथा अप्रैल 2024 के बाद आजीवन सदस्यों का परिचय भी कराया गया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष आलोक वर्मा ने समाज के सहयोग से निर्धन कन्या विवाह के संबंध में बताया की 15 मई को होने वाले इस विवाह के लिये समाज के सदस्यों का सहयोग मिल रहा है। कायस्थ समाज पूर्व अध्यक्ष तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्यामानंद वर्मा की स्मृति में परिवार के सदस्य अशोक रंजन वर्मा,कुमुद वर्मा व्दारा समाज को एक बड़ी आलमारी भेंट की गई। कार्यक्रम में प्रदीप वर्मा, रजनीश वर्मा, विजय किशोर वर्मा, जयंत श्रीवास्तव,आकांक्षा श्रीवास्तव, श विनीता वर्मा, अक्षय सिन्हा, विभा वर्मा, वंदना वर्मा, जूही वर्मा, किरण रायजादा, के के वर्मा, गोवर्धन श्रीवास्तव, मदन श्रीवास्तव, प्रदीप खरे, योगेन्द्र श्रीवास्तव उपस्थित रहें।

### बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट हुए जारी, छात्रों ने शहर का बढ़ाया मान

# 10वीं 75.60 व 12वीं में 82.87 प्रतिशत स्टूडेंट हुए पास

**छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड द्वारा हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी की परीक्षा परिणाम बुधवार को जारी कर दिए गए है। जिसमें जिले के छात्रों ने सर्वाधिक अंक हासिल कर अपनी जगह बनाई है। इस बार के परिणामों में लड़कों ने भी टॉप टेन में जगह बनाई है। दसवी का रिजल्ट इस बार 75.60 प्रतिशत रहा, जिसमें 80.55 प्रतिशत छात्राएं और 69.43 प्रतिशत छात्रों ने सफलता हासिल की है। इस वर्ष कक्षा दसवीं की परीक्षा में 22377 स्टूडेंट्स शामिल हुए थे, जिसमें 12411 छात्राएं और 9966 छात्र थे।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस वर्ष कक्षा दसवीं में 5289 छात्राएं प्रथम श्रेणी,4372 द्वितीय श्रेणी और 337 तृतीय श्रेणी से पास हुए हैं। वहीं छात्र 2809 प्रथम श्रेणी, 3584 द्वितीय श्रेणी और 526 तृतीय श्रेणी में पास हुए है। इसी तरह बारहवीं का परीक्षा परिणाम जिले में 82.87 प्रतिशत रहा, जिसमें 86.56 बालिका और 78.08 बालक छात्र सफल हुए हैं। 12 वीं की परीक्षा में जिले में 15394 छात्र रजिस्टर्ड हुए थे, जिसमें 15160 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। इसमें फर्स्ट डिवीजन में 4000 बालिका, सेकेंड डिवीजन में 3292 और थर्ड डिवीजन में 123 बालिका पास हुए। जबकि 2015 बालक फर्स्ट, 2857 सेंकड डिवीजन और थर्ड डिवीजन में 277 बालक पास हुए है। इस बार के परिणाम पिछले वर्ष की तुलना में दोनों ही कक्षाओं के अधिक है, इसके साथ ही उत्तीर्ण छात्रों की संख्या भी बढ़ी है।



प्रावीण्य सूची में आए छात्र-छात्रा को कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सम्मानित किया। इस अवसर पर माशिमं के सदस्य डॉ. प्रफुल्ल शर्मा, डीईओ अनिल तिवारी, ड्रीमलैण्ड स्कूल की प्राचार्य श्रीमती निवेदिता सरकार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## सेल्फ स्टडी कर उत्कर्ष ने पाई सफलता

आत्मानंद स्कूल मंगला के छात्र उत्कर्ष केशरवानी ने 10 वीं क्लास में 97.8 प्रतिशत अंक हासिल कर शहर को गौरवान्वित किया है। उन्होंने यूट्यूब और सोशल साइट्स के माध्यम से पढ़ाई कर प्रदेश स्तर पर 9 वीं रैंक हासिल की है। छात्र ने बताया कि वे 11 वीं क्लास में मैथ्स विषय लेकर आगे की पढ़ाई पूरी करेंगे। उन्होंने आर्मी या फिर टीचिंग के क्षेत्र में जाने की बात कही है।

कुदुदंड में रहने वाले छात्र उत्कर्ष ने बताया कि वर्ष 2012 में पिता का निधन हो जाने के बाद उनकी माता ने ही अकेले ही हम दोनों भाईयों की देखभाल की है। मां नेटवर्क मार्केटिंग में कार्यरत है। उन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद हमारे पढ़ाई में कोई कमी नहीं आने दी। हौसला बढ़ाकर हमेशा पढ़ाई के लिए प्रेरित किया।

### मां ने बढ़ाया हौसला, हासिल किया मुकाम



### सोशल साइट्स और यूट्यूब बना माध्यम

उत्कर्ष केशरवानी ने बताया कि आमतौर पर लोग सोशल साइट्स और यूट्यूब से दूर रहने की सलाह देते हैं, मगर मैंने यूट्यूब के सपोर्ट से बोर्ड परीक्षा की तैयारी की है और सफल भी हुआ हूं। उन्होंने कहा कि यह स्वयं पर निर्भर करता हैं कि आप सोशल साइट्स का सदुपयोग करते हैं या दुरुपयोग। मैंने साइट्स का सदुपयोग करते हुए नोट्स बनाने और कई डाउट क्लीयर किए हैं। इसके साथ ही बिना शेड्यूल बनाएं, दिनभर एक ही विषय को पूरा करने के टारगेट को लेकर पढ़ाई किया है।

### 11 वीं मैथ्य विषय लेकर करेंगे पढ़ाई

उत्कर्ष केशरवानी मंगला स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में अध्ययनरत है। उन्होंने बताया कि मेरी इस सफलता में स्कूल के शिक्षकों का बहुत बड़ा योगदान हैं। मेरे हर डाउट्स को क्लीयर करने में उन्होंने हमेशा मेरा सहयोग किया है। उत्कर्ष आगे की पढ़ाई गणित विषय को लेकर करेंगे। उन्होंने सेना में जाकर देश की सेवा करने की बात कही है। शिक्षक बनकर देश का भविष्य गढ़ने की इच्छा जताई है। उनका मन कलेक्टर बनने का भी है। अभी वे आगे की पढ़ाई में ध्यान करना चाह रहे हैं।

## ड्रीमलैंड की छात्रा राधिका टॉप टेन में

10 वीं सीजी बोर्ड की परीक्षा में बिलासपुर की राधिका दिघ्रस्कर ने मैरिट सूची में 10 वां स्थान प्राप्त किया है। राधिका को 97.67 प्रतिशत अंक मिले हैं। उन्हें कुल 600 में से 586 अंक मिले हैं और सभी विषयों में विशेष योग्यता प्राप्त की है।

स्थानीय ड्रीमलैंड स्कूल की छात्रा राधिका के पिता मनोज दिघ्रस्कर मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव हैं तो माता रश्मि दिघ्रसकर हाउस वाइफ हैं। राधिका बंधवापारा में रहती हैं। राधिका इकलौती संतान है इसलिए पूरे परिवार का सहयोग और प्यार मिलता है। राधिका 11 वीं में गणित लेकर पढ़ाई करना चाहती हैं। उसने बताया कि बेहतर तैयारी के लिए 4 से 6 घंटे की पढ़ाई पर्याप्त होती है। राधिका को ड्राइंग में भी काफी रुचि है और समय निकालकर वह अपने इस शौक को पूरा करती हैं। राधिका इंजीनियर बनना चाहती हैं और इसके लिए आईआईटी क्वालीफाइन करने का लक्ष्य रखा है। डीमलैण्ड की प्राचार्य श्रीमती निवेदिता सरकार ने राधिका की सफलता को स्कूल के लिए गर्व का क्षण बताया।





### सभी विषयों में शुभीक्ष ने पाई डिस्टेंशन

स्वामी आत्मानंद स्कूल चकरभाठा की छात्रा शुभीक्ष निगम ने कक्षा 10वीं में सभी विषय में डिस्टेंशन प्राप्त किया है। इन्होंने 600 में से 529 अंक अर्जित किया है। इनके पिता नितिन निगम सेंट बैंक कर्मचारी है और माता शारदा गृहणी है। इन्होंने बताया की परिवार का सहयोग हर समय मिला है। शुभीक्ष आगे की पढ़ाई कॉमर्स विषय लेकर करेंगी और वे सीए बनना चाहती है।

## कवि शैलेन्द्र की दो किताबों का विमोचन



### बाल साहित्य की रचना कर तराशा गया बहुत सारे विषयों को : साहू

**बिलासपुर।** छंदशाला के वरिष्ठ साहित्यकार कवि शैलेंद्र गुप्ता की दो कृति बचपन बड़ा सुहाना, बाल गीत एवं होगी पूरी साधना का विमोचन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बलदाऊ राम साहू अध्यक्ष हिन्दी साहित्य भारती छत्तीसगढ़, विशिष्ट अतिथि डॉ फूलदास महंत प्राध्यापक हिन्दी नवीन शासकीय महाविद्यालय सकरी रहे। अध्यक्षता छंदशाला की संयोजिका डॉ सुनीता मिश्रा ने की। मुख्य अतिथि ने कहा कि शैलेंद्र ने बाल साहित्य की रचना कर बहुत सारे विषयों को तराशा है।

स्वागत उद्बोधन में छंदशाला की कवियित्री सुषमा पाठक ने स्वागत गीत-चरणों में वंदन है, आए उनका अभिनंदन है...पेश किया और कहा कि कर्म भूमि पर परिणाम के लिए परिश्रम करना ही पड़ता है। छंदशाला उपवन में चौपाइयां आदि रचनाओं के बाद सदस्यों की निजी रचनाओं का प्रकाशन क्रमशः जारी है। आज का विमोचन समारोह छंदशाला के कोषाध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता का निजी प्रकाशन इसकी एक कड़ी है। बाल प्रतिभा रेयांश गुप्ता, अर्जुन गुप्ता एवं आदिता गुप्ता ने वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनि के साथ रघुपति राघव राजा राम.., जय जगदीश हरे का गायन किया। कवि शैलेंद्र गुप्ता ने कृतियों के संबंध में भावों के साथ उद्देश्य व्यक्त किए।

विशिष्ट अतिथि डॉ महंत ने कहा कि आज रोबोट और टेक्नोलॉजी का जीवन मानवता को तोड़ने का प्रयास कर रहा है। मानवता का आधार संवेदना है,जो कवि शैलेंद्र ने साहित्य के माध्यम से कर दिखाया है। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ साहित्यकार अनिल तिवारी एवं आभार प्रदर्शन डॉ दीनदयाल यादव ने किया।

### बाल साहित्य है बच्चों का जीवन दर्शन

मुख्य अतिथि श्री साहू ने कहा कि बाल साहित्य मनोरंजन का साधन नहीं, बच्चों का जीवन दर्शन है।बच्चों की परिकल्पना, अपेक्षाएं है। केवल बच्चों का ही नहीं, सबका साहित्य है। इसमें सबके लिए शिक्षा है। बाल साहित्य लिखने के लिए साहित्यकार को बाल मनोविज्ञान को समझना पड़ता है। बच्चा बनना पड़ता है। अध्यक्षीय उदबोधन में डॉ मिश्रा ने कहा कि रुक जाने को चला नहीं है, चलते जाना जीवन क्रम है। आज कवि शैलेंद्र की कृतियों का विमोचन छंदशाला की सफलता की सोपान के क्रम में एक और वृद्धि है। किसी रचनाकार के लिए रचनाओं में बढ़ोतरी रचनाकार के लिए शुभ संकेत है। शैलेंद्र ने अपनी रचना बचपन बड़ा सुहाना में समस्त बाल गुणों को समाहित किया है।

### ये रहे उपस्थिति

कार्यक्रम में साहित्यकार बुधराम यादव, ओमप्रकाश भट्ट, डॉ मंतराम यादव, डॉ आभा गुप्ता, डॉ रश्मिलता मिश्रा, मनीषा भट्ट, पूर्णिमा तिवारी, राजेंद्र मौर्य, अवधेश अग्रवाल, नागेंद्र, वैभव, सुधीर गुप्ता राजीव अग्रवाल, रंजना, प्रियंका, भाविक गुप्ता सहित अन्य साहित्यकार उपस्थित रहे।

## जरूरतमंद बेटी की शादी के लिए रोटरी क्वींस ने किया सहयोग



**बिलासपुर।** रोटरी क्लब ऑफ़ बिलासपुर क्वीन्स ने एक बार फिर सेवा और सहानुभूति का परिचय दिया और एक बेटी के विवाह के लिए एक ट्रंक, कूलर, बिस्तर, बर्तन तथा कपड़े भेंट किए गए।

रोटरी क्वीन्स की अध्यक्षा मनीषा जायसवाल ने बताया कि हाल ही में एक आर्थिक रूप से कमजोर परिवार ने क्लब से संपर्क किया। जिनकी बेटी की शादी 8 मई को निर्धारित है। परिवार की कठिन परिस्थितियों को समझते हुए रोटरी क्वीन्स ने इस बेटी को विवाह में आवश्यक वस्तुएं प्रदान कीं। जिससे वह अपने नए जीवन की शुरुआत गरिमा और आत्मविश्वास के साथ कर सके।

क्लब का सदैव प्रयास रहा है कि समाज के जरूरतमंद वर्ग की मदद की जाए। यह छोटा सा योगदान उस लड़की के जीवन में बड़ी खुशियां लाने का माध्यम बना। इस अवसर पर क्लब सचिव प्रकृति वर्मा और कोषाध्यक्ष ज्योति गुप्ता उपस्थित रही।

स्पोर्ट्स न्यूज

## बिलासपुर बना इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता का विजेता

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित मेंस सीनियर एलिट ग्रुप टी20 इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा था। जिसका आज फाइनल मैच बिलासपुर बनाम भिलाई के मध्य रायपुर के आरडीसीए मैदान में खेला गया। जिसमें बिलासपुर के कप्तान मयंक यादव ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 133 रन बनाए।



बिलासपुर की ओर से बल्लेबाजी करते हुए कप्तान मयंक यादव ने 30 रन, मोहित रावत ने 29 रन और मोहम्मद इरफान ने 27 रनों का योगदान दिया। भिलाई की ओर से गेंदबाजी करते हुए शुभम सिंह ने 3 विकेट, दिवाकर ताम्रकार ने 2 विकेट प्राप्त किए। भिलाई ने 134 रनों का लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 133 रन बनाए और मैच टाई हो गया। बिलासपुर के मोहित राउत ने फाइनल मैच शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में सिर्फ 8 रन खर्च करके दो विकेट प्राप्त किया किया, उसके बाद अंतिम ओवर में मयंक यादव ने शानदार गेंदबाजी किया और 7 रन देकर मैच को टाई पर रोक दिया। बिलासपुर टीम के कोच शैलेश सैमुएल, भिलाई के जितेंद्र देसाई और अभिषेक खरे थे। क्रिकेट संघ के सचिव मुकुल तिवारी, क्रिकेट संघ बिलासपुर के अध्यक्ष नवीन जाजोदिया, सचिव विंटेश अग्रवाल ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

### रोमाचंक मैच में मिली जीत

भिलाई की ओर से अम्बरीष सिंह ने 41 रन, आनंद राव ने 39 और मयंक वर्मा ने 25 रनों का योगदान दिया। बिलासपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए कप्तान मयंक यादव ने 3 विकेट, मोहित रावत और प्रवीण कुमार यादव ने 2 विकेट प्राप्त किए। सुपर ओवर में भिलाई पहले बल्लेबाजी करते हुए मोहित रावत के घातक गेंदबाजी के सामने 2 विकेट पर 2 रन ही बना पाई। बिलासपुर ने 3 रन के लक्ष्य को मोहित राउत के चौके से 3 गेंद में सुपर ओवर को अपने नाम कर सीनियर एलिट ग्रुप टी20 इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता का विजेता होने का गौरव हासिल किया। मैच के मुख्य अतिथि बलदेव सिंह भाटिया, विजय शाह, राजेश दवे, प्रमोद शंकर शर्मा, जीएस मूर्ति, विनय बजाज के द्वारा विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की गई। मैच के निर्णायक मंजीत सिंह और शैलेश उपाध्याय, थर्ड अंपायर नितिन कठवार, स्कोरर मनोज तिवारी और महेंद्र साहू, मैच के ऑब्जर्वर नवीन श्रीवास्तव थे।

## कोहिनूर ने दार्जिलिंग में जीता पहला मास्टर्स खिताब



**टेनिस टूर्नामेंट के युगल वर्ग में रचा इतिहास**

शहर के टेनिस खिलाड़ी कोहिनूर गोवर्धन ने दार्जिलिंग में आयोजित आईटीएफ- एमटी-200 टेनिस टूर्नामेंट में युगल खिताब जीतकर अपने करियर का पहला मास्टर्स खिताब अपने नाम किया। इस टूर्नामेंट का आयोजन इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन द्वारा 24 अप्रैल से 30 अप्रैल तक किया गया। कोहिनूर ने अपने जोड़ीदार विकास बिनानी के साथ मिलकर शानदार प्रदर्शन किया और फाइनल मुकाबले में नंबर 1 वरीयता प्राप्त जोड़ी सतीश कन्नन और संजय रे को कड़े मुकाबले में पराजित किया। तीन सेटों में खेले गए इस मुकाबले में स्कोर रहा 6-2, 2-6, 10-4, जो उनके संघर्ष, धैर्य और रणनीति का परिचायक था। कोहिनूर और विकास की जोड़ी ने पूरे टूर्नामेंट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए कई दिग्गज खिलाड़ियों को पराजित किया। लेकिन फाइनल में उन्होंने शीर्ष वरीय जोड़ी को हराकर यह सिद्ध कर दिया कि कड़ी मेहनत और समर्पण से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। कोहिनूर ने अपनी जीत के बाद कहा यह जीत मेरे लिए बेहद खास है। इतने वर्षों की मेहनत का फल इस खिताब के रूप में मिला है। मैं अपने जोड़ीदार विकास बिनानी का विशेष रूप से धन्यवाद देना चाहता हूं, जिनके सहयोग से यह संभव हो सका। शहर में कोहिनूर की इस जीत पर उत्सव का माहौल है, और खेल प्रेमियों को उनसे भविष्य में और उपलब्धियों की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप



### जपं अध्यक्ष ने किया मानिकपुरी समाज के भवन का भूमिपूजन

**बोदरी।** ग्राम पंचायत पासीद में बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक की अनुशंसा पर 6.50 लाख की लागत से बनने वाले मानिकपुरी समाज के कबीर कुटीर का भूमिपूजन बिल्हा जपं अध्यक्ष डॉ रामकुमार कौशिक ने किया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष सोमेश तिवारी, जिपं सभापति प्रतिनिधि प्रकाश यादव, सरपंचदीनू यादव, डॉ जगत, नरेश जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

### राशन दुकान संचालन के लिए आवेदन 20 तक

**तखतपुर।** तखतपुर विखं की 17 ग्राम पंचायतों में पीडीएस राशन दुकान संचालन के लिए 20 मई तक अनुविभागीय राजस्व अधिकारी कार्यालय तखतपुर की खाद्य शाखा में आवेदन दे सकते हैं। इसके लिए सहकारी सोसायटियां, महिला स्व सहायता समूह, ग्राम पंचायत अथवा अन्य सहकारी उपभोक्ता सोसायटियां आवेदन की अर्हता रखते हैं। ग्राम पंचायत विचारपुर, जोगीपुर, करनकापा, विन्ध्यासर, सैदा, जूनापारा, सकर्रा, पुरेना, घानापार, उड़ेला, कोडापुरी, केकराड़,गनियारी, विजयपुर, सकेरी, बूटेना एवं घुटकू में एक-एक राशन दुकान आबंटित किया जाना है।

### मौहाभाठा में संगीतमय रामायण आज

**तखतपुर।** ग्राम मौहाभाठा में गुरुवार 8 मई को संगीतमय रामायण का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ अंचल के लोककला मंच एवं रेडियो गायक लक्ष्मण साहू डाडगांव, छेदीलाल श्रीवास भटगांव, ढेलऊराम पटेल, परसराम साहू प्रस्तुति देंगे। आयोजन तैयारी में पिल्लूराम साहू, सुरेश साहू, प्रदीप साहू, चन्द्र कुमार साहू, सालिक राम साहू, भरतलाल साहू, अनुजराम साहू, सुखीराम साहू, भागीरथी साहू, रामखेलावन साहू, भुनेश्वर साहू, दिनेश साहू, घनश्याम साहू, गजेन्द्र साहू, दिव्या साहू, दीपिका साहू जुटे हुए हैं।



### खुले ट्रांसफार्मर से हो सकता है हादसा

**बिलासपुर।** शहर में बिजली कंपनी द्वारा विद्युत ट्रांसफार्मर बिना सुरक्षा व्यवस्था के लगाए गए हैं, जिनके चारों ओर तार फेंसिंग नहीं है। कई बार मवेशियों की डीपी की चपेट में आने से मौत हो चुकी है। स्थानीय लोगों ने इस संबंध में कंपनी के अधिकारियों से कई बार शिकायत की है। लेकिन उसके बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

## निधन

### रघुबीर सिंह चौहान



**बिलासपुर।** लिंक रोड चौहान कपाउंड निवासी रघुबीर सिंह चौहान का 7 मई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 8 मई को सुबह 11 बजे उनके निवास से मधुबन मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे संजय सिंह, अजय सिंह, नागेश सिंह के पिता थे।

## उपतहसील कार्यालय के उद्घाटन में शामिल हुए मंत्री टंकराम

# मातृ शक्ति को ध्यान में रखकर राज्य की भाजपा सरकार बनाती है योजना

**जनता के लिए सकर्रा उपतहसील साबित होगी वरदानः धर्मजीत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

नवीन उपतहसील कार्यालय सकर्रा का उद्घाटन राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के मुख्य आतिथ्य, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह की अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष कौशिक गुरुजी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, प्रदीप कौशिक भाजपा प्रदेश प्रतिनिधि, जिलाध्यक्ष दीपक सिंह, जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार, उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, जिला पंचायत सभापति दव्य भारती माली, अंबिका साहू, जनपद सदस्य जया जलेश्वर साहू, रंजना तुलसी साहू, कविता महेश यादव, रामकुमार पटेल, परमेश्वर पटेल, सरपंच सकर्रा पूजा कौशिक, भाजपा नेता विक्की विशाल सिंह, मण्डल अध्यक्ष गण रामकुमार निर्मलकर, रवि मेहर, विनोद यादव, नैनलाल साहू एवं दिनेश साहू के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

- मंत्री ने की उपतहसील कार्यालय भवन बनाने की घोषणा

मुख्य अतिथि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि आपके क्षेत्र के विधायक धर्मजीत सिंह क्षेत्र के लिए बहुत ही संवेदनशील रहते हैं। वे सदा क्षेत्र के विकास के लिए तत्पर एवं सक्रिय रहते हैं, सकर्रा का नया उप तहसील कार्यालय इसका उदाहरण है। उन्होंने जल्द ही सकर्रा में नवीन उपतहसील कार्यालय भवन बनाने की घोषणा की। इस अवसर पर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि मै जब विधायक बनने के बाद पहली बार सकर्रा पहुंचा तो देखा कि सकर्रा एक बड़ा गांव है, और यहां आसपास के सभी गांव के लोगों का आना-जाना होता है। मैंने इसे विकसित करने का संकल्प लेकर एक रोडमैप तैयार किया यहां की समस्याएं सुनी तब पता चला कि इस क्षेत्र के लोगों को राजस्व कार्यालय के लिए सकरी एवं पुलिस सेवा के लिए हिर्री थाना जाना पड़ता था। पच्चीस गांव के लोगों की सुविधा को देखते हुए मैंने यहां पुलिस चौकी प्रारम्भ कराई और आज राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा की उपस्थिति में उपतहसील कार्यालय का शुभारम्भ होने जा रहा है। यह सौगात इस परिक्षेत्र के किसान और आम जनता के लिए वरदान सिद्ध होगा। पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग आज पूरी हई है। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जनपद अध्यक्ष माधवी संतोष वस्त्रकार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष रवि मेहर एवं आभार प्रदर्शन एसडीएम शिव कुमार कंवर ने किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि सूरज मिश्रा, राजेश तंबोली, कृष्ण कुमार साहू, सौरभ पाण्डेय, दिनेश राजपूत, बीआर महोबिया, जोन अध्यक्ष दिलीप कोरी, पार्षद महाबली कोसले, श्यामता कौशिक, बृजेश निर्मलकर पूर्व जनपद सदस्य, नवीन कौशिक, मनीष श्रीवास, लोखंडी सरपंच बलराम पटेल, देवीलाल साहू, प्राधिकृत अधिकारी परस कौशिक, हर प्रसाद कौशिक, संतोष दुबे, गोपाल कौशिक, सीताराम साहू, बिहारी टोडर, संदीप खांडे, दिनेश शर्मा, अरुण कौशिक, गरीबा यादव, संतोष निर्मलकर, केशव सिंह ठाकुर, संतोष पटेल आदि मौजूद थे।



उपतहसील कार्यालय का उद्घाटन करते जनप्रतिनिधि।

### राजस्व अधिकारियों को पारदर्शिता से कार्य करने निर्देश

विधायक धर्मजीत सिंह ने उपस्थित राजस्व अधिकारियो को संबोधित करते हुए कहा कि आप अपने हृदय में दया का भाव रखें, तभी आप पीड़ित और परेशान लोगों के आंसू पोछ सकते हैं। पारदर्शिता से कार्य करिए, तभी इस नए खोले गए उपतहसील का सही मायने में उपयोगिता सिद्ध होगी। राजस्व मंत्री ने भी रजिस्ट्री कार्यालय से ही नामांतरण को प्रदेश सरकार की उपलब्धि बताते हुए इसे साय सरकार की जनहितैषी सोच बताई। एडीएम शिव कुमार बैनर्जी ने नए उपतहसील कार्यालय में 25 गांव के जुड़ने की जानकारी शासन की ओर से दी। विधायक धर्मजीत की मांग पर मंत्री टंकराम वर्मा ने अपने उद्बोधन के पश्चात लोगों को छत्तीसगढ़ महतारी की महिमा का बखान करते हुए छत्तीसगढ़ी भजन सुनाया। मंत्री का भजन सुनकर सबी मंत्रमुग्ध हो गए।

## केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन ने की ऑपरेशन 'सिंदूर' की सराहना

**हमें सेना के पराक्रम पर गर्वः साहू**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने भारतीय सेना द्वारा हाल ही में सफलतापूर्वक संपन्न किए गए ऑपरेशन 'सिंदूर' पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह ₹नया भारत है जो घर में घुसकर मारता है।₹ उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन हमारे सैनिकों की वीरता, रणनीतिक सूझबूझ और राष्ट्रभक्ति का जीवंत उदाहरण है।

श्री साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके दृढ़ निर्णयों और स्पष्ट रणनीति के कारण भारत आज एक सुरक्षित और आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में खड़ा है। उन्होंने कहा, ₹भारत की सेनाएं आज केवल हमारी सीमाओं की सुरक्षा नहीं करतीं, बल्कि विश्व मंच पर देश के संप्रभुता और सम्मान की रक्षा भी करती हैं।₹ उन्होंने बताया कि यह सीमापार एक विशेष सैन्य अभियान था, जिसमें आतंकी ठिकानों को सटीक निशाना बनाया गया। अत्याधुनिक हथियारों, निगरानी ड्रोन और उपग्रह आधारित इंटेलिजेंस का इस्तेमाल किया गया। मिशन के दौरान आतंकियों के कई प्रशिक्षण शिविरों को ध्वस्त किया गया। श्री साहू ने विशेष रूप से सेना में महिला अधिकारियों की भागीदारी को लेकर भी प्रशंसा व्यक्त की। उन्होंने कहा, ऑपरेशन 'सिंदूर' ने यह सिद्ध कर दिया है कि आज की भारतीय नारी न केवल सशक्त है, बल्कि देश की सुरक्षा में भी अग्रणी भूमिका निभा रही है। ऑपरेशन के उपरांत सेना की ओर से आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कर्नल सौफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने मिशन की सफलता की जानकारी साझा की।

यह पहली बार है जब किसी बड़े सैन्य अभियान में महिला नेतृत्व को इतनी प्रमुखता मिली है। श्री साहू ने कहा कि यह अभियान देशवासियों में गर्व, आत्मविश्वास और प्रेरणा भरता है। उन्होंने भारतीय सेना को नमन करते हुए कहा कि देश उनके त्याग और पराक्रम का सदैव ऋणी रहेगा।

## गौरेला प्रेस क्लब ने गुरुदेव रविंद्रनाथ को किया नमन

**गौरेला।** गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर की जयंती पर उनको याद किया गया। प्रेस क्लब गौरेला ने गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण कर उन्हें नमन किया। इसके पूर्व बुधवार सुबह प्रेस क्लब के सदस्यों ने प्रतिमा स्थल सहित पूरे परिसर की साफ सफाई की।

कार्यक्रम में गौरेला प्रेस क्लब के अध्यक्ष असद सिद्दीकी, सचिव अजीत गहलोत, उपाध्यक्ष उमेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद शर्मा, पेंड्रा प्रेस क्लब सचिव शरद अग्रवाल, सहसचिव संतोष नामदेव, तापस शर्मा, राकेश राजपूत, सोहेल आलम, तनवीर आलम, सौरभ अग्रवाल एवं राकेश मिश्रा शामिल हुए।

वर्ष भर उपेक्षित रहती है महापुरुषों की प्रतिमाएं- प्रशासन के द्वारा महापुरुषों की प्रतिमाएं तो लगा दी जाती हैं, परंतु केवल जयंती या पुण्यतिथि के अवसर पर ही इन प्रतिमाओं एवं प्रांगण की साफ सफाई की जाती है। इन दो दिनों को छोड़कर बाकी समय प्रतिमाएं धूल धूसरित रहती रहती हैं। महीने में एक बार इन प्रतिमाओं एवं प्रांगण की साफ-सफाई की व्यवस्था करना प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है। तभी उन्हें सच्चे मन से श्रद्धांजलि अर्पित कर सकेंगे।




## धान शार्टेज के एवज में प्रबंधकों ने जमा किए 50 लाख

**मस्तूरी।** विकासखंड के अंतर्गत स्थित विभिन्न धान खरीदी केंद्रों में धान की शार्टेज का मामला भले ही वर्षों से कोर्ट में लंबित है, लेकिन इसको लेकर संस्था प्रबंधकों के भीतर भय देखा जा सकता है। इसका जीता जागता उदाहरण मस्तूरी में देखने को मिला, जहां शार्टेज धान के एवज में प्रबंधको ने 50 लाख रुपए जमा किया।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2023-24 में विकासखंड की विभिन्न सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर काफी मात्रा में धान की खरीदी हुई थी। इस दौरान विलंब से धान उठाव के समय बड़ी मात्रा में धान की शार्टेज को लेकर मस्तूरी विखं काफी चर्चित रहा। प्रशासन ने शार्टेज धान को लेकर खरीदी प्रभारी व प्रबंधकों पर शार्टेज धान की राशि जमा करने दबाव बनाया, साथ ही कुछ प्रबंधकों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। इससे प्रबंधक हाईकोर्ट के शरण में चले गए जहां से उन्हें स्टे मिल गया और अब यह मामला कमिश्नर कोर्ट में लंबित है। इस मामले के बाद प्रबंधकों को यह एहसास होने लगा है कि भले ही मामला कोर्ट में लंबित है, लेकिन आज नहीं तो कल शार्टेज धान की राशि शासन के पास जमा करनी पड़ेगी। यही कारण है कि प्रशासन के दबाव से पहले ही खरीदी प्रभारी शार्टेज धान की राशि जमा करना उचित समझ रहे। सहकारिता जिला सीईओ के निर्देशानुसार और प्राधिकृत अधिकारी एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के ब्रांच मैनेजर सुशील पनोरे की पहल पर सेवा सहकारी समिति जयराम नगर ने 15 लाख 20 हजार 240 रुपए एवं सेवा सहकारी समिति मस्तूरी की ओर से 35 लाख रुपए जमा किया गया।

यह अन्य धान खरीदी प्रभारियों के लिए एक नसीहत है कि वे भी इसी तरह धान खरीदी की शार्टेज राशि को शासन के पास जमा कर शासन के कर्ज से मुक्ति पाएं, अन्यथा आगे शासन का दबाव जरुर बढ़ेगा।




## महिला की हत्या का मामला सुलझा, आरोपी गिरफ्तार



**भर्रीडांड़।** थाना मरवाही अंतर्गत ग्राम बंसीताल में एक महिला का शव उसके एक परिचित के घर के बाहर पाया गया था। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सुरजन राम भगत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल, थाना मरवाही पुलिस एवं फॉरेंसिक टीम तत्काल मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक जांच के दौरान घटनास्थल पर संघर्ष एवं घसीटने के निशान पाए गए, जिससे स्पष्ट हुआ कि घटना के पूर्व संघर्ष हुआ था।

पुलिस की त्वरित कार्रवाई में संदेही के रूप में गुलाबचंद चौधरी उर्फ बुल्टा निवासी पटेराटोला थाना बंसीताल की पहचान की गई, जो गांव से फरार होकर एमपी बॉर्डर की ओर भाग गया था। लेकिन साइबर सेल जीपीएम की टीम, प्रधान आरक्षक रवि त्रिपाठी, आरक्षक इंद्रपाल आर्मो, हर्ष गहरवार तथा थाना मरवाही पुलिस की संयुक्त घेराबंदी में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।पूछताछ में आरोपी गुलाबचंद ने बताया कि घटना की रात वह मृतिका को अपने घर लेकर आया था। दोनों ने साथ में शराब पी, जिसके बाद आरोपी ने मृतिका के साथ जबरदस्ती करने का प्रयास किया। विरोध करने पर विवाद बढ़ गया, और गुस्से में आकर आरोपी ने महिला की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद उसने शव को छुपाने की कोशिश की, परंतु सुबह होने के कारण शव को घर के बाहर ही छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने घटना स्थल से वैज्ञानिक एवं भौतिक साक्ष्य एकत्रित कर आरोपी के विरुद्ध धारा 103(1) और 238 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## नगर पालिका अध्यक्षों की बैठक में शामिल हुई पूजा, रखी अपनी मांग



**तखतपुर।** मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री की ओर से नगर पालिका अध्यक्षों की प्रदेश स्तर बैठक रायपुर में आयोजित की गई। बेठक में तखतपुर नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ भी शामिल हुईं एवं उन्होंने प्रदेश भर की नगर पालिकाओं के लिए सरकार को अपने सुझाव दिए।

बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने शासन की योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही योजनाओं को सुचारू रूप से पूरे नगर पालिका में लागू करने के लिए नगर पालिका अध्यक्षों से सुझाव भी मांगे गए। नपा अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने जब कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष के ड्रॉइंग पावर को सरकार बहाल करे, तो उनकी मांग पर जमकर तालियां बजीं। इसी क्रम में उन्होंने जल संकट से निपटने के लिए 50 लाख की मांग रखी। साथ ही सफाईकर्मी के पद बढ़ाने की स्वीकृति प्रदान करने की मांग रखी। साथ ही उन्होंने रहा कि नगर में नालियों की लंबाई बहुत ज्यादा बढ़ चुकी है, सड़कों का विस्तार भी बढ़ चुका है। ऐसे में स्वाभाविक रूप से साफ-सफाई के लिए अतिरिक्त भर्ती आवश्यक है। पूजा मक्कड़ ने अध्यक्ष निधि एवं पार्षद निधि राशि को भी बढ़ाए जाने की मांग रखी।

## 50 पाव अवैध देसी शराब सहित आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



पथरिया। पथरिया पुलिस एवं साइबर सेल की टीम को मंगलवार को मुखबीर से सूचना मिला कि साप्ताहिक बाजार पथरिया से जुनवानी की ओर 1 व्यक्ति स्पलेंडर बाइक सीजी 12 बीके 4988 के माध्यम से अत्यधिक मात्रा में अवैध देशी मदिरा शराब का परिवहन कर रहा है। सूचना पर पथरिया पुलिस व साइबर सेल की टीम ने घेराबंदी कर पकड़ा लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम विष्णु उर्फ शोभनाथ साहू पिता स्व बद्री प्रसाद उम्र 52 वर्ष निवासी पड़ियाईन थाना पथरिया का होना बताया। आरोपी के कब्जे से 50 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 4 हजार रूपए एवं परिवहन में प्रयुक्त वाहन कीमती 50 हजार रूपए को गवाहों के समक्ष जब्त कर आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2), 59(क) के तहत पंजीबद्ध किया गया। इसके बाद आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

* **कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मोतीसागरपारा कुंजनगर सीतामणी निवासी सोहन केंवट ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह फोटोग्राफी का काम करता है। 28 अप्रैल को प्रकाश केवट से किराये में फोटोग्राफी का समान लिया था। 1 मई को सोहन फोटोसुट के लिये बरमपुर गया था।

### दंतैल पहुंचा सेमरहा गांव में जारी किया अलर्ट

**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज में आतंक का पर्याय बन चुका लोनर हाथी अब बीजाडांड से आगे बढ़कर सेमरहा पहुंच गया है। इस लोनर हाथी को बुधवार की सुबह जंगल में ग्रामीणों ने विचरण करते देखा और इसकी सूचना वन विभाग को दी। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और लोनर की निगरानी में जुट गया है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक लोनर की मौजूदगी वाले सेमरहा व आसपास के गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने का अभियान शुरू कर दिया गया है। ग्रामीणों को लोनर हाथी के क्षेत्र में आने की जानकारी देते हुए उन्हें जंगल न जाने की सलाह भी दी जा रही है। इस बीच कोरबा वनमंडल के लेमरू व बालको रेंज में 29 हाथियों का झुण्ड विचरण कर रहा है। जिसमें से 13 हाथी बालको रेंज के फुटका पहाड़ जंगल में विचरण कर रहे हैं जबकि लेमरू रेंज के नकिया में 4 हाथी मौजूद हैं। जबकि 14 हाथी आगे बढ़कर कुदमुरा व लेमरू रेंज की सीमा पर पहुंच गया है।


**न्यायालय तहसीलदार मरवाही जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)**
-: उद्घोषणा ::-
क्रमांक क// तह./रीडर-1/2025
मरवाही, दिनांक 30/04/2025
राजस्व प्रकरण क्रमांक 202404280100001/ब-121/2025
ग्राम - सिवनी, तहसील-मरवाही
जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकेश कुमार गुप्ता. मैनेजर (RS) कोरबा सेल्स ऑफिस, के पत्र क्रमांक IOC/RPDO/23/GPM/NOC/53 दिनांक 14.03.2024 के अनुसार ग्राम सिवनी, भूमि खसरा मीटर नंबर 1529/1 में से 20X25-500 मीटर भूमि सरोधन सिंह आ. खुमान सिंह के भूमिस्वामी हक में दर्ज है, उक्त प्रस्तावित भूमि में इण्डिन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा रिटेल आउटलेट स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने का निवेदन किया गया है। उक्त भूमि को आउटलेट स्थापना हेतु कलेक्टर जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही छ.ग. को प्रस्तुत किया गया है जो, इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त भूमि का शासन के नियमानुसार आउटलेट स्थापना हेतु अनापत्ति दिये जाने पर किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित में दिनांक 12/05/2025 तक या उसके पूर्व उपस्थित होकर स्वतः अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 06/05/2025 ईश्तहार जारी किया गया।
तहसीलदार, मरवाही

**न्यायायल कार्यपालिक दण्डाधिकरी सकरी जिला बिलासपुर**
**ईश्तहार**
ग्राम पेन्डारी तहसील सकरी

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम पेण्डारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर का सूचित किया जाता है कि आवेदक खेमसिंह पिता बाघराय सतनामी निवासी पेण्डारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर के द्वारा अपने पिता बाधराम पिता जिवराखन की मृत्यु स्थान पेण्डारी में दिनांक 20/01/2025 का पंजीयन हेतु रजिस्ट्रार मृत्यु, ग्राम पंचायत / नगर पालिक निगम पेण्डारी को मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1996 एवं छ.ग. जन्म रजिस्ट्रिकरण 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियम पेशी दिनांक 15/05/25 को अपना आपत्ति-दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 02/05/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सकरी

ब-अदालत
**मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, राँची**
मोटर दुर्घटना दावा वाद सं.-466 /2023
उर्मिला देवी वगैरह .........आवेदकगण
बनाम
हरप्रित सिंह वगैरह ...........विपक्षीगण
नोटिस बनाम :-हरप्रित सिंह, अचानक मार्ग रोड, कोटा, बिलासपुर, करगी रोड, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, पिन-495113

बजरिये इस नोटिस के जरिये आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 28.8.2023 को आपके वाहन ट्रेलर नं CG13LA5115 द्वारा सचिता प्रसाद की मृत्यु सड़क दुर्घटना में हो गई थी जिसका FIR No.- 56/2023 दिनांक 28.08.23 थाना कोलेबिरा, जिला-सिमडेगा दर्ज है।

अतः इस सूचना के माध्यम से आपको निर्देश दिया जाता है कि दिनांक 14.05.2025 को प्रातः 10.30 बजे आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित हो कर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति के वाद की सुनाई आपके विरुद्ध एक पक्षीय की जायेगी। इसे सख्त ताकिद जाने।

आज दिनांक 20/3/2006 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।
ह./- पीठासीन पदाधिकारी मोटर वाहन दुर्घटना, दावा न्यायाधीकरण राँची

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**विवाह सूचना का प्रकाशन**
क्रमांक क/ वाचक/अति-कले/2025, बिलासपुर, दिनांक 23.04.2025

श्री कृतज्ञ पटेल आत्मज स्व. टिकेश्वर पटेल (माता- श्रीमती सुलेखा देवी पटेल) उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम पिसीद बिदुरचौक थाना व तहसील कसडोल जिला बलौदा बाजार (छ.ग.) पिन 493335 एवं कुमारी पुष्पा आत्मजा श्री रामचरण उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम बिरकोना अटल चौक थाना कोनी तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम-1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/ दावा इस कार्यालय में दिनांक 29.05.2025 को प्रातः 11.00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


कृतज्ञ पटेल


पुष्पा

विवाह अधिकारी
बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल बोदरी तहसील बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग**
सीमांकन/मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र

प्रति आवेदक/आवेदिका मंशाराम पिता स्व. राधामल आवेदक के बताये अनुसार समीपी भूस्वामी उत्तर शासकीय भूमि दक्षिण विद्याभूषण की भूमि पूर्व - आशीष सिंह की भूमि पश्चिम सच्चानंद की भूमि

विषय :- सीमांकन/मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतू सूचना के संबंध में।

संदर्भ:-न्याया.ना. तह. बोदरी के ज्ञापन क्रमांक/क/ ना. तह./वा/2025 बोदरी दिनांक 06/05/2025

उपरोक्त विषयांतर्गत आवेदक आवेदिका मंशाराम पिता/पति स्व. राधामल जाति सिन्धी निवासी बोदरी द्वारा आवेदित भूमि ग्राम बोदरी पहन 01 रा.नि.म. व तहसील बोदरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 409/6, 409/7 409/10 रकबा. 0.63 एकड के संबंध में प्रस्तुत आवेदन पर/सीमांकन किये हेतू न्यायाण. नाय. तहसीलदार बोदरी में छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 129 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन/मौका जांच दिनांक 15/05/25 को 4.00 बजे को किया जाना है। अतः आप उक्त समय पर अपने समस्त कागजात के साथ मौके पर उपस्थित रहे। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।
रा.नि.म. बोदरी
तहसील बोदरी जिला बिलासपुर

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल बोदरी तहसील बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग**
सीमांकन/मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतू सूचना पत्र

प्रति आवेदक/आवेदिका सच्चानंद पंजवानी पिता चाइूमल पंजवानी आवेदक के बताये अनुसार समीपी भूस्वामी उत्तर शासकीय भूमि दक्षिण आशा विहार कालोनी पूर्व मंशा राम की भूमि पश्चिम आशा विहार कालोनी

विषय :- सीमांकन/मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतू सूचना के संबंध में।

संदर्भ:-न्याया.ना. तह. बोदरी के ज्ञापन क्रमांक/क 38/ तह./वा/2024 बोदरी दिनांक 16/10/2024

उपरोक्त विषयांतर्गत आवेदक आवेदिका सच्चानंद पंजवानी पिता/पति चाइूमल जाति सिन्धी निवासी बोदरी द्वारा आवेदित भूमि ग्राम बोदरी पहन 01 रा.नि.म. व तहसील बोदरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 409/8, रकबा. 0.59 एकड के संबंध में प्रस्तुत आवेदन पर/सीमांकन किये हेतू न्याया. नाय. तहसीलदार बोदरी में छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 129 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन/मौका जांच दिनांक 15/05/25 को 4.00 बजे को किया जाना है। अतः आप उक्त समय पर अपने समस्त कागजात के साथ मौके पर उपस्थित रहे। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।
रा.नि.म. बोदरी
तहसील बोदरी जिला बिलासपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक//अति.तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 06.05.2025

ग्राम सेमरताल के सर्व साधारण/ आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम सेमरताल प.ह.नं. 24 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि म.नं. 1 ख.नं. 535 रकबा 0.121 हे. भूमि की किसान किताब के लिए श्री उमाशंकर सूर्यवंशी आ. स्व. चुन्नीलाल निवासी सेमरताल द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति, संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 23.05.2025 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनांक ..../.../2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।
अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं नजूल अधिकारी कोटा जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक 458/वाचक-1/नजूल/2025
कोटा, दिनांक 25/4/25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम कोटा प.ह.न. 33 रा.नि.मं. व तहसील कोटा जिला बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण वैभव डॉगे पिता विनोद कुमार डॉगे वगै. सा. फिरंगीपारा कोटा, तहसील कोटा, जिला बिलासपुर के द्वारा ग्राम नगर पंचायत वार्ड नं. 11 चण्डीमाता वार्ड के दहाईपारा कोटा स्थित शीट नं. 31 भूखण्ड क्रमांक 280 क्षेत्रफल 150 वर्गमीटर 1614 वर्गफूट आवेदकगण की दादी स्व. मीनाक्षी डॉगे पति राजेश्वर राव डॉगे के नाम में दर्ज चला आ रहा है। आवेदकगण द्वारा वसीयतनामा के आधार पर नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो सुनवाई हेतु दिनांक 13.05.2025 को नियत है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह मेरे न्यायालय में दिनांक 13.05.2025 को न्यायालयीन समय 10.30 बजे उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकता है। बाद में प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक .......... को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
कोटा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)



## खबर संक्षेप

### पूजा-अर्चना के साथ हुआ भगवान परशुराम भवन का भूमिपूजन



**बोदरी।** सर्व ब्राह्मण समाज जन कल्याण समिति बोदरी के अध्यक्ष मंटू तिवारी ने बताया कि बुधवार 7 मई को सुबह 10 बजे बोदरी स्थित परशुराम भवन प्रांगण में सर्व समाज हित के लिए प्रस्तावित भवन का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में आचार्य पंडित दिनेश कुमार दुबे, आचार्य पंडित चन्द्रशेखर दीक्षित ने मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई। इस अवसर पर लक्ष्मीनारायण दुबे, दिनेश पांडेय, राजेश उपाध्याय, रूपचंद दीक्षित, राजेश शर्मा, हेनाथ शर्मा, ब्रजेश शर्मा, कुशल पांडेय, दिवाकर दुबे, राजकुमार उपाध्याय, प्रहलाद उपाध्याय, प्रहलाद दीक्षित, अभीषेक दुबे, राकेश मिश्रा ललित तिवारी, पुष्प राज उपाध्याय, यशवन्त मिश्रा, दीपक चौबे, राहुल अवस्थी, नैतिक मिश्रा, ओम पाण्डेय सहित विप्रजन उपस्थित रहे। भूमि पूजन कार्य में राकेश यादव का विशेष श्रमदान रहा।

### वरिष्ठ व्याख्याता बहोरन को स्टाफ व बच्चों ने दी विदाई



**लोरमी।** ग्राम सेमरसल हायर सेकेंडरी स्कूल में पदस्थ व्याख्याता बहोरन सिंह मरावी को उनकी सेवानिवृत्त पर स्कूल के स्टाफ व बच्चों ने भावुकता के साथ विदाई दी। उन्होंने सन 1994 से लगातार शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दी एवं 2017 से सेमरसल स्कूल में पदस्थ थे। इस अवसर पर बहोरन मरावी ने शिक्षकीय जीवन का अनुभव साझा किया एवं शैक्षणिक कार्यों में सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। प्राचार्य दीपक ध्रुव ने उनके व्यक्तित्व को सरल, सहज और सौम्य शिक्षक के रूप में स्मरण कराने वाला प्रेरक बताया। इस अवसर पर बच्चों ने उन्हें उपहार भेंट किया। साथ ही शाल, श्रीफल, अंगवस्त्र व डायरी देकर शिक्षकों ने व्याख्याता बहोरन मरावी को सम्मानित किया।

### युक्तियुक्तकरण से समन्वयक को मिले छूटः मिश्रा



**सरगांव।** छग संकुल शैक्षिक समन्वयक शिक्षक संघ ने वर्तमान परिपेक्ष्य में राज्य सरकार की ओर से चलाये जा रहे युक्तियुक्तकरण में छूट की मांग की है। इस मांग को लेकर छत्तीसगढ़ शैक्षिक संकुल समन्वयक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने रायपुर विधायक पुरंदर मिश्रा से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से विधायक को बताया गया कि वर्ष 2014 में हुए युक्तियुक्तकरण में संकुल समन्वयकों को इससे छूट दी गई थी। संकुल समन्वयक शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं के संचालन में महत्वपूर्ण कड़ी है, ऐसे में एकाक उन्हें बड़े पैमाने पर हटा कर नए शिक्षकों को प्रभार मिलने से कामकाज प्रभावित होगा। विधायक पुरंदर मिश्रा ने इस विषय पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से बात कर सकारात्मक परिणाम की पहल करने आश्वासन दिया। इसके उपरांत समन्वयक संघ ने समग्र शिक्षा के एमडी संजीव झा से मुलाकात की और उन्हें युक्तियुक्तकरण से समन्वयक को मुक्त रखने को लेकर पर ज्ञापन सौंपा, जिस पर उन्होंने पत्र को राज्य शासन को भेजने की बात कही। साथ ही संकुलों को 50 प्रतिशत राशि जारी करने का निवेदन किया गया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर जल्द लिमिट जारी करने का आश्वासन दिया। समन्वयक संघ के प्रांताध्यक्ष डॉपीएन मिश्र, उपप्रांताध्यक्ष ओपी बघेल, रामचंद्र सोनवंशी ने कहा कि समन्वयक को युक्तियुक्तकरण से छूट के लिए राज्य सरकार को जल्द आदेश जारी करना चाहिए। इस अवसर पर डॉ मिश्रा प्रांताध्यक्ष, ओपी बघेल उपप्रांताध्यक्ष, रामचंद्र सोनवंशी उपप्रांताध्यक्ष, मोहन लहरी प्रांतीय महासचिव, कमलेश साहू संभागाध्यक्ष दुर्ग, अनिल साव ब्लॉक अध्यक्ष, सन्तराम बंजारा प्रदेश कोषाध्यक्ष, गजेंद्र नायक, वारिश कुमार, सुरेश नंद सहित सैकड़ों संकुल समन्वयक उपस्थित रहे।

### सट्टापट्टी लिखते युवक गिरफ्तार

**मुंगेली।** अवैध नशीले पदार्थ बिक्री एवं तस्करी करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में आरोपी गोविंद को सार्वजनिक स्थान पर सट्टा-पट्टी लिखते गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से नकद, सट्टा–पट्टी जब्त किया गया। थाना फास्टरपुर सेतगंगा पुलिस को 5 मई को देहात भ्रमण पेट्रोलिंग के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम बड़े जल्ली में बलवीर सोनवानी के दुकान के पास 1 व्यक्ति सट्टा–पट्टी लिख रहा है। सूचना फास्टरपुर-सेतगंगा पुलिस ने उक्त स्थान पर घेराबंदी कर एक व्यक्ति को पकड़ लिया जिसकी पहचान गोविंद सोनवानी पिता भोजराम सोनवानी उम्र 32 वर्ष साकिन बड़े जल्ली के रूप में की गई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 हजार 1 सौ 70 रूपए नकद, दो सट्टा–पट्टी एवं पेन जब्त कर जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 6 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत कार्रवाई की गई।



## राम्हेपुर में समाधान शिविर आयोजित, डिप्टी सीएम हुए शामिल

# जनता के बीच जाकर समस्याओं का समाधान करना ही राम राज्यः साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

ग्राम राम्हेपुर एन में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री अरूण साव शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री ने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन कर योजनाओं की जमीनी पहुंच एवं लाभान्वित हितग्राहियों के संबंध में जानकारी ली।

- क्षेत्रवासियों को करोड़ों की गई करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात

उन्होंने 4 बच्चों का अन्नप्राशन कराया एवं सुपोषण टोकरी का वितरण किया। साथ ही उन्होंने 21 हितग्राहियों को नोनी सुरक्षा योजना का बॉन्ड पेपर प्रदान किया एवं महतारी वंदन योजना के 2 हितग्राहियों को अपने बच्चों को सुकन्या समृद्धि का खाता खुलवाने पर सम्मानित किया गया।

उन्होंने मनियारी नीर प्याऊ का अवलोकन कर शरबत पिया और गर्मी में आमजनों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की प्रशासन की पहल की सराहना की। श्री साव ने स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में अपना ब्लड प्रेशर चेक कराया और अन्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहते हुए नियमित जांच के लिए प्रेरित किया। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि जनता के बीच जाकर जनता की समस्या का समाधान करना ही रामराज्य है, यही विष्णु का सुशासन है। हमारी सरकार जनता के प्रति जवाबदेह है। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप शासन की योजनाओं को पारदर्शी ढंग से आम जनता तक पहुंचाने एवं पात्र व्यक्तियों को समयबद्ध लाभ दिलाने के उद्देश्य से सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने लोगों को समाधान शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।



### हितग्राहियों को प्रदान की सामग्रियां

शिविर में अरूण साव ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को सामाग्री प्रदान कर लाभान्वित किया। उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के 5 हितग्राहियों को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र एवं प्रतिकात्मक चाबी तथा 5 हितग्राहियों को आवास निर्माण का स्वीकृति आदेश, 8 हितग्राहियों को जॉब कार्ड, 2 स्व सहायता समूहों को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के चक्रिय निधि अंतर्गत डेमो चेक एवं 2 स्व सहायता समूहों को सीआईएफ डेमो चेक प्रदान किया। इसी तरह 2 स्व सहायता समूहों को लखपति दीदी प्रमाण पत्र, 5 हितग्राहियों को मनरेगा योजना का प्रमाण पत्र, समाज कल्याण विभाग अंतर्गत 28 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति आदेश, स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत 5 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, स्कूल शिक्षा अंतर्गत 4 बच्चों को एमआर किट, 1 बच्चे को स्टीक, 2 बच्चों को लेंस मैग्नीफायर, 1 बच्चे को श्रवण यंत्र, सहकारिता विभाग अंतर्गत 1 हितग्राही को 1 लाख 6 हजार रूपए, 2 हितग्राहियों को 1 लाख रूपए, 1 हितग्राही को 72 हजार रूपए, 1 हितग्राही को 58 हजार रूपए, 1 हितग्राही को 50 हजार रूपए एवं 1 हितग्राही को 16 हजार रूपए का चेक दिया।



## समाधान शिविर 1 हजार 31 आवेदनों का निराकरण

**पथरिया।** सुशासन तिहार के तीसरे चरण के तहत बुधवार 7 मई को समाधान शिविर का आयोजन पुराने हाइस्कूल भवन में किया गया, जिसमे नगर के जनप्रतिनिधि एंव नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव, उपाध्यक्ष मनोज पांडेय, जिला महामंत्री निश्चल गुप्ता और विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णव सहित अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर की। नपं अध्यक्ष हुलसी वैष्णव ने सुशासन तिहार और समाधान शिविर को भाजपा सरकार की जन हितैषी भावना का प्रतिरूप कहा। साथ ही उन्होंने इससे नागरिकों को लाभ मिलने की बात कही। इसी तरह उपाध्यक्ष मनोज पांडेय ने बताया कि इस योजना से नगर के सैकड़ों हितग्राहियों की समस्या का समाधान किया गया है।

### जिला महामंत्री ने लगाई क्लास

शिविर में भाजपा जिला महामंत्री निश्चल गुप्ता ने बिना तैयारी के आए विभाग प्रमुखों की क्लास लगाते हुए लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों को दिलाने निर्देशित किया। उन्होंने नागरिको को नवीन राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड जैसे फ्लैगशिप योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने पार्षद के सहयोग से घर-घर सर्वे करने को कहा।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में नपाअध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव, उपाध्यक्ष मनोज पाण्डेय, जसपाल छाबड़ा, एडिशनल कलेक्टर निष्ठा पांडेय, अपर कलेक्टर मेनिका प्रधान, नपा सभापति मोनिका ओमू दिवान, मेला राम डडसेना, इंद्रजीत यादव, रघु वैष्णव, पार्षद सुनीता ध्रुव, देवेंद्र डडसेना, चंद्रकली दिवाकर, प्रकाश मांडवी, गणेश सोनी सहित अन्य मौजूद थे।

## पीएम आवास के कार्य में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार द्वारा पीएम आवास योजना का शत प्रतिशत लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने और अनियमितता एवं लापरवाही की शिकायत पर कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। इसी तारतम्य में जनपद पंचायत मुंगेली के ग्राम हरियरपुर में आवास मित्र के रूप में कार्यरत सम्राट सिंह ठाकुर को कार्य में लापरवाही एवं अनियमितता बरतने पर सेवा से पृथक किया गया। बता दें कि सुशासन तिहार अंतर्गत ग्रामवासियों ने आवास मित्र सम्राट सिंह ठाकुर के विरुद्ध निर्माणाधीन एवं निर्मित आवासों में नियम विरुद्ध गलत जियो टैगिंग और अनियमितता की शिकायत की थी। जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय ने शिकायत को संज्ञान में लेते हुए जांच के निर्देश दिए थे। जांच उपरांत उक्त तथ्य सही पाया गया, जिसके आधार पर मुंगेली जनपद सीईओ ने आदेश जारी कर यह कार्रवाई की गई है।

## आवास की चाबी देते हुए बहुत ही सुकून मिलता हैः मरपच्ची

**भर्रीडांड़।** सुशासन तिहार के तीसरे चरण का दूसरा समाधान शिविर मरवाही के ग्राम पंचायत निमधा के खेल मैदान में आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों को प्राप्त 4 हजार 2 सौ 7 आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी दी गई। शिविर में विधायक प्रणव कुमार मरपची, कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा एवं उपाध्यक्ष राजा उपेन्द्र बहादुर सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। इस कलस्टर पंचायत में निमधा, पंडरी, सिवनी, मालाडांड़, पथर्री, चिचगोहना, चर्चेड़ी, मड़वाही, खुरपा, धरहर, नरौर, धोबहर, पोड़ी, करहनी पंचायत शामिल हैं। इस अवसर पर विधायक मरपच्ची ने कहा कि 'मोर आवास मोर अधिकार' के तहत हितग्राहियों को आवास की चाबी देते हुए मुझे बहुत ही सुकून मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता की योजना है। कलेक्टर ने कहा कि शिविर का उद्देश्य योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाना है। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार में जिले में कुल 52 हजार आवेदन मिले हैं। इनमें से आज की स्थिति में 50 हजार 500 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि जिले में प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से परीक्षण कर निराकरण किया जा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य ने बताया कि कलस्टर में शामिल पंचायतों से पंचायत विभाग को 2 हजार 7 सौ 42 आवेदन मिले हैं। इनमें 1 हजार 1 सौ 16 आवेदन पीएम आवास के हैं, जिन्हें सर्वे सूची में शामिल कर लिया गया है। 5 सौ 26 आवेदकों ने शौचालय निर्माण, 72 आवेदन पेंशन तथा 7 सौ 19 आवेदन मनरेगा के तहत विभिन्न मांगों के लिए प्राप्त हुआ है।



## मुंगेली नगर व अमोरा में शिविर आज

**मुंगेली।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप और कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिले में सुशासन तिहार के तीसरे चरण के तहत अंतर्गत विभिन्न विकासखंडों में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल सामुदायिक भवन और पथरिया विकासखण्ड के ग्राम अमोरा में आज 8 मई को समाधान शिविर आयोजित होगा। ग्राम अमोरा के समाधान शिविर में दोपहर 12.30 बजे छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन शामिल होंगे। सामुदायिक भवन मुंगेली के शिविर में कबीर वार्ड, तिलक वार्ड, हीरालाल वार्ड, एन्ड्रूज वार्ड, पं दीनदयाल उपाध्याय वार्ड, रामगोपाल तिवारी वार्ड, सरदार पटेल वार्ड, सुभाष वार्ड, महामाई वार्ड, गांधी वार्ड और विवेकानंद वार्ड को शामिल किया गया है।

## निशुल्क नेत्र प्रशिक्षण शिविर में 810 लोग हुए लाभान्वित

**बोदरी।** विश्व हिंदू महासंघ एवं रोटरी क्लब ऑफ रायपुर ग्रेटर के द्वारा एमजीएम आई इंस्टीट्यूट रायपुर के सहयोग से निशुल्क नेत्र प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बुधवार को होटल आनंदा इंपिरियल व्यापार विहार में किया गया।

शिविर में कमजोर मरीजों के लिए मोतियाबिंद का निशुल्क ऑपरेशन, आने-जाने, रहने एवं भोजन की निशुल्क व्यवस्था की गई। साथ ही जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त में चश्मा प्रदान किया गया। शिविर के माध्यम से बिलासपुर के आस पास के विभिन्न इलाकों से लगभग 8 सौ 10 लोग लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सुमित विधानी, प्रदेश संगठन मंत्री सौरभ सिंह , प्रदेश उपाध्यक्ष शिवम शुक्ला, प्रदेश महामंत्री यशवंत मिश्रा, प्रदेश मंत्री प्रकाश बहरानी, जिला अध्यक्ष रायपुर ग्रामीण दया बाकरे, जिला अध्यक्ष रायपुर महानगर यश शुक्ला, जिला अध्यक्ष बिलासपुर ग्रामीण तुलसी कौशिक, दंतेवाड़ा जिला अध्यक्ष आयुष शुक्ला, रायपुर. ग्रामीण उपाध्यक्ष गोविंद वर्मा, बिल्हा ब्लॉक उपाध्यक्ष खिलेश श्रीवास, आकाश कौशिक, विशु मिश्रा, आकाश कौशिक, प्रेमा वर्मा, उत्तर साहू सहित जिला व ब्लॉक के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिंदू महासंघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष सुमित विधानी ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बिलासपुर महापौर पूजा विधानी उपस्थित रहीं। अन्य अतिथियों के रूप में पूर्व अध्यक्ष एसके अग्रवाल, पीयूष भार्गव, केसी शर्मा, डॉ रमेश कुलदीप, अशोक विधानी, विनय शर्मा उपस्थित रहे। महासंघ के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष सुमित विधानी ने कार्यक्रम के अंत में सभी को आभार ज्ञापित किया।



## युक्तियुक्तकरण को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

**मुंगेली।** बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने के लिए स्कूलों एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने विकासखंडवार युक्तियुक्तकरण हेतु चिन्हांकित शालाओं की जानकारी ली और भौतिक सत्यापन करते हुए निर्धारित समय में प्रक्रिया को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने शालाओं में शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण को लेकर विस्तार से चर्चा की। कलेक्टर ने सभी विकासखंड स्तर पर शालाओं का सर्वे करने और शिक्षकों की आवश्यकता से अधिकता या कमी वाले विद्यालयों की सूची तैयार करने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सूची के आधार पर शिक्षकों का समायोजन पारदर्शी और न्याय संगत तरीके से किया जाएगा। कलेक्टर ने स्कूलों में गर्मी के मौसम में समर कैम्प चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ खेलकूद सहित विभिन्न गतिविधियों से जोड़ा जाए, ताकि उनका शारीरिक एवं मानसिक विकास हो सके। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु कक्षावार, विषयवार एवं पाठ्यक्रमवार समय-सारिणी निर्धारित करने के निर्देश दिए, ताकि सभी स्कूलों में एक समान पढ़ाई हो सके। इसके साथ ही जिले के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा की मेरिट सूची में स्थान दिलाने हेतु विशेष अभियान चलाने हेतु उत्कृष्ट शिक्षकों का चयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने जिले में शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए सभी अधिकारियों को अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में 1 किलोमीटर से कम दूरी तथा 10 बच्चों से कम दर्ज संख्या के विद्यालय, शहरी क्षेत्र में 500 मीटर से कम दूरी तथा 30 बच्चों से कम दर्ज संख्या के विद्यालय, एक ही परिसर में स्थित स्कूलों, एकल शिक्षकीय एवं शिक्षक विहीन स्कूलों और समायोजन तथा अन्य स्कूलों से प्राप्त अतिशेष शिक्षकों की सूची के आधार युक्तियुक्तकरण किया जाएगा।



### दसवीं बोर्ड की परीक्षाओं में छात्रों ने मारी बाजी

# अनुराग ने 97.50 प्रतिशत अंक प्राप्त पर बढ़ाया समाज का मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

ग्राम नवरंगपुर निवासी शिक्षक संजय कुमार लोनिया एवं उषा देवी लोनिया के पुत्र अनुराग लोनिया द्वारा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 97.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार व समाज का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर लोनिया समाज अध्यक्ष रामधुन लोनिया सहित समाज के अन्य पदाधिकारी व विद्यालय परिवार ने अनुराग को आशीर्वाद दिया एवं छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की। अनुराग लोनिया छात्र सरस्वती शिशु मंदिर लोरमी का छात्र है।



### 10वीं की परीक्षा में गगन ने प्राप्त किया प्रदेश में 9वां स्थान



**लोरमी।** नगर की सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में अध्यनरत छात्र गगन सिंह पिता विष्णुराम ग्राम ने 10वीं की परीक्षा में प्रदेश में 9वां स्थान प्राप्त कर अपने परिजन व विद्यालय का नाम रोशन किया। गगन ने इस सफलता का का श्रेय अपने माता पिता एवं गुरुजनों को दिया है। छात्र की सफलता पर क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव गगन के निवास पहुंचे एवं बधाई दी। इस अवसर पर छात्र के परिवार के लोग उपस्थित रहे।

### दाऊपारा स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय

**मुंगेली।** स्वामी आत्मानंद विद्यालय दाऊपारा के शैक्षणिक सत्र 2024–25 के तहत अंग्रेजी एवं हिन्दी दोनों माध्यम का बोर्ड परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। अंग्रेजी माध्यम में कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 81 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं का 72 प्रतिशत रहा। जिसमें कक्षा 10वीं से पलक साहू 94.67 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, दीक्षा रानी देवांगन 91.17 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में संस्कृति मिश्रा 89.80 प्रतिशत के साथ प्रथम, अंशिका सिंह 86.20 के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं। इसी प्रकार हिन्दी माध्यम कक्षा 10वीं का परिणाम 63 प्रतिशत रहा, जिसमें छात्र मानसी पात्रे 89.83 प्रतिशत के साथ प्रथम, वैदेही साहू 89.33 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं। कक्षा 12वीं से प्रथम रूपेश सिंह राजपूत संकाय गणित 93.60 प्रतिशत एवं गौरव कुमार संकाय वाणिज्य 84.60 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रहे।

### मुंगेली जिले में 69.17 प्रतिशत रहा 10वीं का परीक्षा परिणाम

मुंगेली। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाईस्कूल मुख्य परीक्षा वर्ष 2025 में जिले से कुल 10 हजार 9 सौ 35 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए, जिसमें 10 हजार 7 सौ 37 परीक्षार्थी शामिल में हुए। जिनमें से 3 हजार 98 बालक तथा 4 हजार 3 सौ 16 बालिकाएं सहित कुल 7 हजार 4 सौ 14 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। 10वीं का कुल परीक्षा परिणाम 69.17 प्रतिशत रहा। इसी तरह हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षा में कुल 7 हजार 1 सौ 57 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए, जिनमें 7 हजार 97 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इनमें से उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की कुल संख्या 5 हजार 5 सौ 30 है, अर्थात कुल प्रतिशत 77.99 है। उत्तीर्ण बालकों का प्रतिशत 74.77 बालिकाओं का प्रतिशत 80.54 है। मुंगेली जिला से बोर्ड परीक्षा कक्षा 10वीं राज्य के प्रवीण्य सूची में 1 छात्र एवं 1 छात्र ने क्रमशः 9वां एवं 10वां स्थान प्राप्त किया है। 9वां स्थान प्राप्त करने वाले छात्र गगन सिंह पिता विष्णुराम सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल लोरमी का छात्र है, जिसने 97.83 प्रतिशत प्राप्त किया है। वहीं 10वां स्थान प्राप्त करने वाली छात्र गीतिका वर्मा पिता राजेन्द्र वर्मा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय पथरिया की छात्रा है, जिसने 97.67 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है।

### 12वीं में 92.6 प्रतिशत लाकर तारिणी ने नगर में किया टॉप



**तखतपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 7 मई गुरुवार को 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया, जिसमें कक्षा 12वीं से शास कन्या विद्यालय की छात्रा तारिणी साहू ने 92.6 प्रतिशत अंक के साथ नगर में प्रथम स्थान हासिल किया। गुरुकुल माध्यमिक विद्यालय तखतपुर से कक्षा 12वीं में केशव पटेल 80 प्रतिशत, गुलशन कौशिक 78.2 प्रतिशत व रामशरण देवांगन ने 78 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। शिशु मंदिर से शुभी पांडे 80 प्रतिशत, निधि पटेल 80 प्रतिशत व अनन्या शर्मा ने 79.6 प्रतिशत अंक हासिल किया। कक्षा दसवीं में कन्या उमा विद्यालय से श्वेता अनंत 86.8 प्रतिशत, प्रियांशी साहू 83 प्रतिशत व शिवानी कश्यप ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। नव जागृति विद्यालय से प्रशांत कश्यप 92.6 प्रतिशत, आदर्श खंडे 88.4 प्रतिशत, वंशिका 87.8 प्रतिशत व आत्मानंद तखतपुर में वसीफा अंसारी 95.6 प्रतिशत, दिव्यांशी देवांगन 94.16 प्रतिशत, श्रद्धा माथुर 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इसी तरह गुरुकुल से भार्गव प्रजापति 96 प्रतिशत, गायत्री साहू 88 प्रतिशत, विजय गुप्ता 85 प्रतिशत व शिशु मंदिर तखतपुर से आस्था ठाकुर 86.83 प्रतिशत, हर्ष साहू 83.56 प्रतिशत, तिलेश्वरी पटेल को 82.3 प्रतिशत अंक मिला। आरके पब्लिक स्कूल बरेला में कक्षा दसवीं की परीक्षा परिणाम में प्रथम अर्पिता साहू 94.16 प्रतिशत, द्वितीय सौम्या रात्रे 92.6 प्रतिशत तथा माधुरी मिश्रा 91.33 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

### वारिधि ने प्राप्त किया 93. 17 प्रतिशत अंक



**मस्तूरी।** सेजेश कन्या शाला मस्तूरी में अध्ययनरत छात्रा वारिधि राठौर माता ममता राठौर ने 10वी बोर्ड परीक्षा में 93. 16 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए सभी विषयो में विशेष अंक हासिल किया है। वरिधि अपने परिवार के डी के राठौर, प्रेम सागर राठौर और सेजेश कन्या शाला मस्तूरी का नाम रोशन किया।

## खबर संक्षेप

### पाइप से पीटकर पत्नी की हत्या, पति गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बेटी के नहीं नहाने से नाराज मां ने डांटा तो शराबी पति ने गुस्से में आकर अपनी पत्नी की लोहे की पाइप से पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। सकरी टीआई रविन्द्र अनंत ने बताया, बड़े बिनौरी निवासी लच्छन बाई ध्रुव पति जितेन्द्र ध्रुव 7 मई को दोपहर 12.30 बजे बेटी के नहीं नहाने पर उसे डांट रही थीं। इसी दौरान नशे में धुत्त उनका पति जितेन्द्र ध्रुव ने बेटी को डांटने से मना किया। इस बात को लेकर पति-पत्नी के बीच जमकर विवाद हो गया। जितेन्द्र ध्रुव आक्रोशित होकर लोहे की पाइप से पत्नी के सिर पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। सर पर गंभीर चोट व खून अधिक बह जाने के कारण महिला की मौके पर ही मौत हो गई। बच्चों ने घटना की जानकारी आसपास के लोगों की दी। पड़ोसी उनके घर गए तो लच्छन बाई खून से लथपथ मृत पड़ी हुई थीं। लोगों की सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंची और सकरी पुलिस को सूचना दी। सकरी पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतका के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। वहीं आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

### अभद्र टिप्पणी, पश्चिम बंगाल से युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने इंस्टाग्राम में अभद्र टिप्पणी करने वाले युवक को पुलिस ने पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली सीएसपी आईपीएस अक्ष सभाद्रा ने बताया, 20 जुलाई 2024 को विद्यानगर डीपूपारा निवासी तामेश उर्फ तामेश्वर कश्यप पिता मंगलू राम कश्यप 38 साल ने रिपोर्ट लिखाई थी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा इंस्टाग्राम में हिन्दू देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करते हुए धामिक भावनाओं को आघात पहुंचाया है। उनकी रिपोर्ट पर पुलिस जांच में जुट गई थी। साइबर सेल से तकनीकी साक्ष्य एकत्रित कर पुलिस ने पश्चिम बंगाल मुर्शीदाबाद मजलिसपुर बरवान में दबिश देकर मोहम्मद सद्दाम हुसैन पिता सज्जाद हुसैन 19 साल को गिरफ्तार कर लिया है।

### जेई के खिलाफ झूठी रिपोर्ट लिखाने की धमकी, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** आपरेटर से गाली गलौज कर जेई के खिलाफ झूठी रिपोर्ट लिखाने धमकी देने वाले युवकों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार,कुदुदण्ड चांदनी चौक निवासी मयंक कौशिक पिता सुरेश कुमार कौशिक गोलबाजार बिजली आफिस मे प्राईवेट काल आपरेटर है। 5 मई को रात में वह ड्यूटी कर रहे थे। रात 11.30 बजे अपूर्व लाल नामक व्यक्ति अपने अन्य साथी के साथ बिजली आफिस आया कहा कि इमलीपारा क्षेत्र में 24 घंटे से लाइट बंद है, क्या कर रहे हो, बिजली चालू क्यों नहीं हुई है। उन्होंने अपने अधिकारी जेई को फोन लगाया तो बंद मिला। युवकों ने उनके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी तथा सिविल लाइन थाने में अपने जेई के खिलाफ झूठा रिपोर्ट लिखवाने बात कही। आपरेटर ने झूठा रिपोर्ट लिखाने से मना किया तो युवकों द्वारा गाली गलौज किया गया है। पुलिस ने श्री कौशिक की रिपोर्ट पर अपूर्व लाल और उसके साथी के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

उजाड़ हो गए जिले के 338 गौठान, कई गौठान में चोरी चले गए सामान

# शराबखोरी के काम आ रहे गौठान, 28 करोड़ बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

किसी समय सरकार व अधिकारियों की पहली प्राथमिकता में रहे गौठान आज शराबी, जुआरी व नशेड़ियों के कब्जे में हैं। कहीं रीपा योजना के अंतर्गत स्थापित मशीनरी धूल खा रही है, तो कहीं बिजली के कनेक्शन केबल ही चोरी चले जा रहे हैं। जिले में 338 गौठान बनाए गए हैं, जिनके निर्माण में 28 करोड़ रूपए खर्च हुए हैं। गौठानों की दुर्दशा बता रही है कि खर्च किए गए 28 करोड़ बर्बाद हो चुके हैं।

एक समय था जब सरकार व जिले के सभी अधिकारियों की पहली प्राथमिकता में सिर्फ गौठान थे। जिला पंचायत तो इस कार्य में जुटा ही था, वहीं पंचायत की सभी लाईन डिपार्टमेंट्स द्वारा भी कंवर्जेंस के माध्यम से गौठानों को संवारने में राशि खर्च की जा रही थी। जिले में प्रारंभ से योजना समाप्ति तक कुल 338 गौठान बनाए गए हैं। इन गौठानों के निर्माण के लिए जिले में 27 करोड़ 87 लाख रूपए खर्च किए गए हैं। आज की स्थिति में सब कुछ उजाड़ नजर आ रहा है। गौठानों की स्थिति दयनीय है। हालत तो यहां तक है कि मवेशियों के लिए तैयार किए गए गौठानों में मवेशी तक नहीं जा रहे हैं। चारा, पानी व बैठने के लिए छांव की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण गौठानों में मवेशियों ने भी जाना छोड़ दिया है।

लाखासर का मॉडल गौठान 20 एकड़ क्षेत्र में निर्मित किया गया है। यहां मुर्गी पालन, बकरी पालन के लिए शेड का निर्माण किया गया था। वर्तमान में यहां किसी तरह की गतिविधि संचालित तो नहीं है, लेकिन इन शेड का इस्तेमाल जुआ खेलने व शराबखोरी करने के काम जरूर आ रहा है। यहां वर्मी कंपोस्ट तैयार करने हेतु नाडेप टांका का निर्माण व पीछे बाड़ी में खेती करने के लिए दो बोर भी खनन कराए गए थे, जो आज की स्थिति में बंद हैं। यहां मनरेगा द्वारा तालाब बनाया गया था, जिसमें एक बूंद पानी नहीं है। इसी तरह आधा एकड़ भूमि में प्लांटेशन भी किया गया था, जिसमें से एक भी पौधे जीवित नहीं हैं। हालत यह है कि यहां चोरों ने लोहे की जाली व एंगल चोरी कर लेने के बाद बिजली के कनेक्शन केबल तक को चोरी कर लिया था, जिसकी किसी ने थाने में एफआईआर तक दर्ज नहीं कराई। मॉडल गौठान धौरामुड़ा में मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना रीपा के अंतर्गत सिलाई केंद्र बनाया गया था, लेकिन इससे पहले की यह केंद्र शुरू हो पाता गौठान योजना ही बंद हो गई। इस गौठान में चावल से पोहा बनाने मशीन भी स्थापित की गई थी, लेकिन मशीन इतने हल्के दर्जे की थी कि इससे तैयार पोहा स्तरहीन साबित हुआ, और आज यह मशीन गौठान में धूल खाती पड़ी है। गौठान का कुल एरिया सात एकड़ है, जहां बकरी पालन, मुर्गी, बतख व बटेर पालन के लिए शेड बनाए गए हैं। इन सभी शेड की भी हालत वही है। इस गौठान में कुछ शेड में छप्पर में लगे टीन चोरी भी किए जा चुके हैं। तत्कालीन मुख्यमंत्री को मॉडल गौठान सेलर का निरीक्षण कराया गया था, तब यहां भी बकरी, मुर्गी, बतख व बटेर पालन के लिए शेड बनाए गए थे। महिला समूहों के लिए मशरूम उत्पादन शेड, व पशुओं के लिए चारागाह विकास किया गया था। कुछ महिला समूहों द्वारा यहां बाड़ी में सब्जी व मूंगफली की फसल भी लगाई गई थी, जबकि आज की स्थिति में यहां भी किसी भी तरह की कोई गतिविधि संचालित नहीं की जा रही है। यहां भी तत्कालीन मुख्यमंत्री की इच्छानुसार गोबर से पेंट तैयार करने के लिए मशीन स्थापित की गई थी। सात लाख की लागत से स्थापित मशीन आज धूल खा रही है।



लाखासार गौठान की सुध लेने वाला अब कोई नहीं, लगता है वीरान।



शराबियों का अड्डा बनकर रह गया गौठान।

#### करोड़ों में खर्च की गई थी राशि

एनजीजीबी योजना के अंतर्गत प्रत्येक ब्लॉक में दो मॉडल गौठान बनाए गए थे। इनमें बिल्हा में अकलतरी व सेलर, मस्तूरी में वेदपरसदा, तखतपुर में लाखासर व कोटा में शिवतराई व कंचनपुर शामिल हैं। चूंकि ये मॉडल गौठान थे, जिससे इन गौठानों को दिखाकर ही पूरे जिले को प्रेरित किया जाना था, जिससे इसे संवारने में करोड़ों रूपए खर्च किए गए थे। पूरे गौठान क्षेत्र को फैंसिंग से सुरक्षित किया गया था व अंदर बने भवनों का रंग-रोगन किया गया था। आज की स्थिति में कहीं भी कोई गतिविधि संचालित नहीं है। बस अवशेष बाकी रह गए हैं।

#### लाखासर बोर चालू, धान की हो रही सिंचाई

लाखासर स्थित मॉडल गौठान में दो बोर स्थापित किए गए थे। एक बोर तो पूरी तरह सूख चुका है, लेकिन दूसरे बोर में पानी की उपलब्धता है। इस गांव में भी जलस्तर काफी नीचे पहुंच चुका है, जिससे ग्रामीणों को निस्तारी में समस्या आ रही है। नाम नहीं छापने की शर्त पर गौठान के आसपास रहने वाले एक ग्रामीण ने बताया कि वे पानी के संकट से जूझ रहे हैं, जबकि गौठान के बोर से उन्हें राहत मिल सकती है। इसके विपरीत आसपास के लोगों द्वारा अपने खेतों में गर्मी के धान की फसल लेने व फसल की सिंचाई गौठान के बोर से ही करने के कारण उन्हें निस्तारी के लिए पानी अन्यत्र तलाशना पड़ रहा है। इसी तरह एक अन्य ग्रामीण ने बताया कि पीएमएवाय के अंतर्गत भवन निर्माण हेतु भी पानी की जरूरत है, लेकिन पर्याप्त पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण भवन निर्माण में भी दिक्कतें आ रही हैं।

#### शासन के निर्देश पर ही होगी कार्रवाई

गौठानों के रख-रखाव के संबंध में शासन से कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं। शासन के निर्देशानुसार ही कार्रवाई की जा सकेगी।

**-संदीप कुमार अग्रवाल,** सीईओ जिला पंचायत

## देर रात चला अभियान, 300 से अधिक अवैध बैनर पोस्टर निकाले गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- तीन क्लिनिक समेत एक अन्य ने लगाया अवैध बैनर, 80 हजार का जुर्माना

सड़कों में अवैध बैनर पोस्टर को प्रतिबंधित करने के निर्णय के बाद देर रात नगर निगम ने पूरे शहर में अभियान चलाते हुए लगभग 300 से अधिक अवैध बैनर पोस्टर को निकाला।

निगम ने तीन क्लिनिक और एक अन्य के खिलाफ कुल 80 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।



कार्रवाई करता नगर निगम का अमला।

#### राजनीतिक दल और व्यावसायियों की बैठक ली गई

एमआइसी की बैठक में लिए गए निर्णय के बाद निगम प्रशासन ने आज शहर के सभी प्रिंटर्स,टेंट व्यावसायी और राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर निर्णय की जानकारी दी। इसमें बताया गया कि सड़क, डिवाइडर - बिजली पोल समेत अन्य स्थान जहां आवागमन बाधित होता है, ऐसे स्थानों पर बैनर पोस्टर या बोर्ड नहीं लगाने कहा गया। इसके अलावा निगम प्रशासन ने सभी प्रतिनिधियों से कहा है की भविष्य में ऐसा करने पर बैनर पोस्टर समेत सभी सामान जब्त किए जाएंगे एवं वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

#### आचार्य इंस्टीट्यूट ने 50 हजार की पेनाल्टी पटाई

डिवाइडर पोल समेत अन्य शासकीय संपत्ति में अवैध रूप से बैनर पोस्टर लगाकर संस्था का प्रचार प्रसार करने पर मंगलवार को आचार्य इंस्टीट्यूट पर 50 हजार का जुर्माना लगाया गया था। 24 घंटे के भीतर भुगतान करने के निर्देश दिए गए थे। आचार्य इंस्टीट्यूट द्वारा 50 हजार रुपए बुधवार को पेनाल्टी के तौर पर जमा भी कर दिया गया।

#### मंगला, वेयर हाउस और कोनी रोड पर चला अभियान

इस आदेश के बाद देर रात निगम कमिश्नर ने सभी जोन और अतिक्रमण की संयुक्त टीम बनाकर सभी जोन क्षेत्रों के मुख्य मार्गों में कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद टीम द्वारा अभियान चलाते हुए अवैध बैनर पोस्टर और बोर्ड को जब्त किया गया। मंगला, वेयर हाउस और कोनी रोड में प्रचार प्रसार के लिए डिवाइडर पोल में अवैध बैनर पोस्टर लगा दिए गए थे। इसके बाद कार्रवाई करते हुए लोट्स चिल्ड्रन हॉस्पिटल, मैक्स क्लिनिक, युक्ति लिवर एंड गैस्ट्रो केयर के खिलाफ 60 हजार जुर्माना लगाते हुए अवैध प्रचार सामग्री को हटाया गया। इसी तरह कोनी रोड में भी डिवाइडर में जन्मदिन का बैनर पोस्टर तड़के लगाया गया था, जिस पर कार्रवाई करते हुए पोस्टर को जब्त किया गया और संबंधित के खिलाफ 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

### घरवाले शादी में चले गए, चोर ले उड़े डेढ़ लाख के जेवर व नकद

**बिलासपुर।** एक बार फिर चोरों ने सकरी क्षेत्र के एक सूने मकान में धावा बोलकर डेढ़ लाख के जेवर व नकद रकम चोरी कर लिया है। सिलसिलेवार वारदात के बाद भी पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पा रही है। सकरी क्षेत्र के उसलापुर गीतांजली नगर निवासी अंजनी धृतलहरे पति राघवेन्द्र धृतलहरे ने बताया, 5 मई को घर के दरवाजे में ताला लगाकर परिवार के साथ शादी में शामिल होने तुर्काडीह चले गए थे। इसी दौरान चोरों ने सूने मकान का फायदा उठाते हुए पूरा मकान खंगाल डाला। आलमारी का लाकर तोड़कर 2 नग सोने का मंगलसूत्र, 2 नग सोने का टाप्स, सोने का फर, चांदी का लच्छा, 4 नग पायल व 2 हजार रुपए नकद चोरी कर आसानी से भाग गए और किसी को भनक तक नहीं लगी। 6 मई को श्रीमती धृतलहरे घर लौटी तो चोरी की जानकारी हुई। अंदर सामान अस्त व्यस्त पड़े थे और आलमारी के लाकर से जेवर व नकद रकम चोरी हो गई थी। सूचना पर पुलिस उनके घर का मुआयना कर लौट गई। पुलिस ने श्रीमती धृतलहरे की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 ए, 331, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर लिया है।

## बिना अनुमति फ्लाइट से आरोपी पकड़ने जाना टीआई कलीम को पड़ा महंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिना अनुमति फ्लाइट से आरोपी पकड़ने जाना, बिना गिरफ्तारी के आरोपी को हिरासत में रखना टीआई कलीम को महंगा पड़ गया है। आईजी ने विभागीय जांच के बाद टीआई खान को एक साल के लिए एक स्टार उताकर डिमोशन करने की सजा दी है।

टीआई कलीम खान टीम के साथ कोनी थाने में दर्ज एक धोखाधड़ी के आरोपी को पकड़ने दिल्ली गए थे। आरोपी की पत्नी ने टीआई के खिलाफ लिखित में शिकायत दर्ज कराई थी। आईजी डॉ. संजीव शुक्ला ने बताया, टीआई कलीम पर तीन आरोप लगे थे। बिना अनुमति के विमान यात्रा करना, बिना गिरफ्तारी के अनाधिकृत रूप से आरोपी को हिरासत में रखना व आरोपी से पैसा मांगना।

जांच में तीनों आरोप सिद्ध होने पर टीआई कलीम को एक साल के लिए एक स्टार हटाकर सब इंस्पेक्टर बनाकर डिमोशन की सजा दी गई है। एसएसपी रजनेश सिंह ने बताया आरोपी की पत्नी ने टीआई खान पर यौन शोषण का आरोप लगाया था,विभागीय जांच में यौन शोषण प्रमाणित नहीं हुआ है। यह आरोप निराधार पाया गया है।

## आतंकी ठिकानों पर हमले के बाद स्टेशन में अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पहलगाम में दोषी आतंकियों पर भारत के मिसाइल हमले के बाद अब पूरे देश के साथ बिलासपुर रेलवे स्टेशन में भी अलर्ट जारी कर दिया गया है। आरपीएफ और सिविल डिफेंस की टीम स्टेशन और ट्रेनों में लगातार निगरानी रख रही है, जिसमें सभी कामर्शियल स्टाफ को भी सतर्क रहने निर्देशित किया गया है।

जानकारी के अनुसार 15 दिन पहले पहलगाम आतंकी हमले के बाद अब भारत ने जवाबी कार्रवाई की है। भारतीय वायुसेना ने मंगलवार की देर रात पाकिस्तान और कब्जे वाले कश्मीर पीओके में 9 आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइल हमले किए। हमले के बाद सभी भारतीय विमान सुरक्षित लौट आए हैं। हमले के बाद पूरे देश में हाई अलर्ट घोषित करने के साथ संवेदनशील ठिकानों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बिलासपुर रेलवे स्टेशन में भी सुरक्षा को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। आरपीएफ और सिविल डिफेंस की टीम लगातार निगरानी कर रही है। बिलासपुर रेल मंडल के सीनियर डीसीएम अनुराग कुमार सिंह के अनुसार डॉग स्क्वायड की मदद से अलग-अलग क्षेत्रों की जांच करने के अलावा ज्वाइंट मुहिम चलाई जा रही है। इस दौरान सभी कामर्शियल स्टाफ को भी अलर्ट पर रखा गया है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल रिपोर्ट करने निर्देश दिए गए हैं।

### रांची में फ्लाई ओवर निर्माण बिलासपुर-टाटा रद्द

**बिलासपुर।** रांची मंडल में फ्लाई ओवर कार्य के लिए ब्लॉक लिया जा रहा है। इसके कारण टाटानगर से बिलासपुर और बिलासपुर से टाटानगर के बीच चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन को रद्द करने का निर्णय लिया गया है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व रेलवे रांची मंडल में फ्लाई ओवर का कार्य 8 और 9 मई को किया जाएगा, जिसकी वजह से दूसरे जोन की तरह दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर स्टेशन से चलने वाली गाड़ियों का परिचालन भी प्रभावित होगा। 8 मई गुरुवार को टाटानगर से रवाना होने वाली 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस और 9 मई को बिलासपुर से रवाना होने वाली 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस ट्रेन रद्द रहेगी।

### रिटायर्ड एसईसीएल जीएम के घर 1 लाख की चोरी

कोनी टीआई किशोर केंवट ने बताया, छोटी कोनी गणेश इन्क्लेव निवासी रिटायर्ड एसईसीएल जीएम सुशील शुक्ला पिता इंद्रभूषण शुक्ला 5 मई की रात खाना खाने के बाद परिवार के साथ सो गए थे। देर रात चोरों ने एक रूम का खिड़की तोड़कर 3 सोने की चेन, 6 घड़ी, 18 हजार 735 रुपए नकद सहित 1 लाख का सामान चोरी कर लिया है। 6 मई की सुबह सोकर उठे तब चोरी की जानकारी हुई। सीसीटीवी फुटेज में रात 3.36 बजे एक युवक बाउंड्रीवाल के अंदर ग्रिल बंद करते दिख रहा है। उन्होंने फुटेज पुलिस को सौंप दिया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411




नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।